卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ ३ म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 15 ♦पृष्ठ 8+8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦21 अक्टूबर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## जनाक्रोश रैली में सरकार के खिलाफ गरजे कांग्रेसी

नैनीताल( उद संवाददाता)। जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर कांग्रेसियों ने सोमवार को सरकार के खिलाफ भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर हमला बोला। जनाक्रोश रैली की अगुवाई कर रहे नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य पहाड़ों पर आज गांव के गांव खाली हो चुके हैं। जंगली जानवरों के आतंक से खेती चौपट हो चुकी है, जंगली जानवर



जनाक्रोश रैली निकालकर कमिश्नरी कूच किया। इससे पूर्व कार्यकर्ता पंत पार्क में एकत्रित हुए। यहां आयोजित जनसभा में कांग्रेस नेताओं ने केन्द्र और प्रदेश की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। महंगाई बेरोजगारी और भ्रष्टाचार ने सारे रिकार्ड तोड़ दिये हैं। सरकार पलायन रोकने के बड़े बड़े दावे कर रही है लेकिन आये दिन रिहायशी इलाकों में लोगों को शिकार बना रही है, कार्यवाही के नाम पर सरकार महज मुआवजा देकर अपना पल्ला झाड़ रही (शेष पृष्ठ सात पर)

## गंगा नदी में समाया ट्रक, दंपत्ति लापता

श्रीनगर (उद संवाददाता)। ऋषिकेश बदरीनाथ राजमार्ग पर सैनिक होटल के निकट एक ट्रक गंगा नदी में समा गया। दुर्घटना के बाद चालक और उसकी पत्नी लापता है उनके नदी में डुबने की आशंका है। दोनों की तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक सोमवार सुबह देवप्रयाग से करीब चार किमी आगे केबिल बिछा रहे लोगों ने सड़क के पैरापिट सहित खाई की ओर पेड़ टूटे देखकर किसी वाहन के नदी में गिरने की संभावना जताई । सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने छानबीन की तो सड़क से करीब 120 मीटर



नीचे गंगा किनारे ट्रक का पिछला हिस्सा मिला। जबकि ट्रक का केबिन नदी में समाया हुआ था। पुलिस ने वाहन स्वामी टिंकू से संपर्क किया तो जानकारी मिली कि ट्रक बिहारीगढ़ से मिनरल वाटर की बोतलें लेकर गोपेश्वर (शेष पृष्ठ सात पर)

## छत से गिरकर श्रमिक की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आजाद नगर शमशान घाट रोड़ निवासी श्रमिक छत पर टहलने के दौरान अचानक असंतुलित होकर नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गये जहां चिकित्सकों



ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार आजाद नगर शमशान घाट रोड़ निवासी 55 वर्षीय ओम प्रकाश पुत्र नन्हें रात्रि खाना खाने के बाद छत पर टहल रहा था। इसी दौरान वह असंतुलित होकर छत से नीचे आ गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि बीते दिनों किसी विवाद के चलते कुछ लोगों ने ओमप्रकाश को बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया था जिसका वह उपचार करा रहा था। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवा दिया है।

## लालकुआं से मुम्बई के लिए सुपरफास्ट रेल सेवा शुरू

### मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

लालकुंआ (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से लालकुआं-बांद्रा सुपरफास्ट ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा कैंची धाम के आशीर्वाद से आज लालकुआं से बांद्रा के मध्य ट्रेन संचालन का स्वप्न पूरा हुआ है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन के संचालन से रामपुर, मुरादाबाद, गाजियाबाद, हजरत निजामुद्दीन, मथुरा, सवाई माधोपुर, कोटा, वडोदरा, सूरत जैसे रेलवे



स्टेशन से जुड़े लोगों को यात्रा करने का आसानी से विकल्प मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि लालकुआं-बांद्रा रेल सेवा शुरू होने से बाबा कैंची धाम, जागेश्वर और अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यात्रा का एक बेहतर विकल्प मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम भारतीय रेल के स्वर्णिम युग की ओर आगे बढ़ रहे हैं। आत्मनिर्भरता और आधुनिकता के प्रतीक के रूप में वंदेभारत जैसी मेड इन इंडिया ट्रेन, रेल नेटवर्क का हिस्सा बनी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और केन्द्र सरकार के सहयोग से पहाड़ तक ट्रेन पहुंचने का स्वप्न ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन बनने के (शेष पृष्ठ सात पर)

## मारपीट का बदला लेने के लिए की थी चौकीदार की हत्या

### बेटे का दोस्त निकला चौकीदार का कातिल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।किच्छा क्षेत्र में दो दिन पहले हुई चौकीदार की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक चरन सिंह की पत्नी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि पति चरन सिंह पुत्र सोहन लाल निवासी धाधा तहसील किच्छा 4 माह से अब्दुल समी पुत्र चाऊ समी निवासी पराग फार्म लक्ष्मीपुर के यहा पालेज की चौकीदारी



का काम करता था। वहां पर दामाद धर्मेन्द्र पुत्र धर्मवीर निवासी आड्पूरा तहसील आवला जिला बरेली भी काम करते थे, 19 अक्टूबर 2024 को समय 8:30 बजे जब दामाद धर्मेन्द्र जब पालेज पराग फार्म लक्ष्मीपुर में पहुंचे तो पालेज की झोपड़ी के पास खून देखा उसके बाद ससुर चरन सिंह की खोजबीन की तो पालेज की झोपड़ी के कुछ दूरी पर चरन सिंह का शव दिखाई दिया। कुछ देर बाद पालेज मालिक अब्दुल समी भी वहां पहुंच गये। चरन सिंह के चेहरे व सिर पर कई चोटो के निशान थे। मीरा देवी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू की। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने खुलासा करते हुए बताया कि खुलासे के लिए (शेष पृष्ठ सात पर)

## हथियार बेचने आए दो दबोचे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।अवैध हथियार बेचने आए दो सौदागरौ को एस ओ जी व मुखानी थाना पुलिस टीम ने चौकिंग के दौरान अवैध हथियारों व कारतूस के साथ दबोच लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष मुखानी विजय सिंह मेहता, एसओजी प्रभारी संजीत राठौर एवं उनि. मनोज सिंह अधिकारी द्वारा संयुक्त चौकिंग अभियान में बावनडाट नाला, बसानी रोड थाना मुखानी के पास कार संख्या यूके 04 एजी 3838 को



रोककर उसमें सवार दो युवकों से पूछताछ की तो उन्होंने अपना नाम पता अनिल सिंह पुत्र महेंद्र सिंह निवासी कुसुमखेड़ा व सर्वेश कुमार पुत्र (शेष पृष्ठ सात पर)

## ‘निकाय चुनाव’ पर फिर मंडराए ‘अनिश्चितता के बादल’

### विधानसभा अध्यक्ष ने प्रवर समिति रिपोर्ट की वस्तुस्थिति स्पष्ट की, और आगे खिसक सकते हैं निकाय चुनाव, विधानसभा अध्यक्ष को अब तक नहीं प्राप्त हुई प्रवर समिति की रिपोर्ट

-अर्श-

देहरादून। उत्तराखंड सरकार की ओर से नैनीताल उच्च न्यायालय के समक्ष नगर निकाय की चुनाव की अधिसूचना 10 नवंबर को जारी करने संबंधी शपथ पत्र प्रस्तुत किए जाने के बाद, यह माना जा रहा था कि राज्य में नगर निकाय चुनाव दिसंबर माह में के अंत तक संपन्न करा लिए जाएंगे। मगर नगर निकाय चुनाव में ओबीसी एवं एससी एसटी को आरक्षण दिए जाने के मसले पर गठित प्रवर समिति द्वारा अपनी रिपोर्ट विधानसभा अध्यक्ष को न सौंपे जाने के कारण उत्तराखंड में प्रस्तावित नगर निगम, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के चुनावों पर एक बार फिर अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे हैं। ज्ञात हो कि गैरसैंण में आयोजित विधानसभा सत्र के दौरान निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण में वृद्धि किए जाने के संबंध में प्रस्तुत संशोधन विधेयक पर, सत्ता पक्ष के एवं विपक्ष के कुछ विधायकों द्वारा आपत्ति दर्ज किए जाने के बाद विधानसभा अध्यक्ष द्वारा एक प्रवर समिति का गठन किया गया था। इस प्रवर समिति को अपनी रिपोर्ट तैयार कर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी को रिपोर्ट




सौंपनी थी, लेकिन समिति ने विधानसभा अध्यक्ष से एक माह का समय मांगकर रिपोर्ट एक माह बाद भेजे जाने की अनुमति देने का आग्रह करके ,निकाय चुनाव दिसंबर माह के अंत तक कर लेने की उत्तराखंड सरकार की योजना को फिलहाल खटाई में डाल दिया है। प्रवर समिति द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए और समय मांगे जाने और सूबे के निकाय चुनाव आगे खिसकने को लेकर अटकलों का बाजार यद्यपि लगभग एक पखवाड़े से गर्म था, लेकिन उत्तराखंड विधानसभा की अध्यक्ष रितु भूषण खंडूरी की स्वीकारोक्ति के बाद अब यह लगभग तय हो गया है, कि अगर सरकार ने वर्तमान में लागू नगर निकाय आरक्षण संबंधी प्रावधानों के आधार पर ही अथवा सुप्रीम कोर्ट के आदेश को आधार बनाकर के प्रदेश में निकाय चुनाव कराने की जल्दबाजी न दिखाई, तो 10 नवंबर को निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी हो पाना तकरीबन नामुमकिन ही है। बताना होगा कि उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी बीते रोज श्रीनगर दौरे पर थी, वहां उन्होंने मीडिया कर्मियों से मुखातिब होते हुए स्पष्ट किया कि निकाय चुनाव को लेकर प्रवर समिति की रिपोर्ट अभी उनके पास नहीं आई है, जैसे ही रिपोर्ट उनके पास आएगी ,वे रिपोर्ट का अवलोकन कर रिपोर्ट को सरकार को सौंप देगी। उसके बाद निकाय चुनाव कब होंगे, इसके बारे में सरकार फैसला लेगी।

# अनिल हत्याकाण्ड का खुलासा, मामा भांजा गिरफ्तार

खटीमा (उद संवाददाता)। खटीमा के जादौपुर गांव में बंधक बनाकर की गयी युवक की हत्या के मामले का पुलिस ने चौबीस घंटे में खुलासा करते हुए हत्यारोपी मामा-भांजे को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या को पुरानी रंजिश और अवैध सम्बंधों के चलते अंजाम दिया गया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त लाठी, डंडे और सरिया भी बरामद कर लिया है। जादौपुर निवासी 27 वर्षीय अनिल सिंह पुत्र जगत सिंह की शुक्रवार रात गांव के कुछ लोगों ने बंधक बनाने के बाद लाठी, डंडों और सरिया से पीटकर हत्या कर दी थी। मृतक के बड़े भाई कमलजीत सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके भाई अनिल सिंह को 18अक्टूबर 2024 की रात्रि करीब साढ़े आठ बजे सुन्दरवती के घर में बुलाकर उसको वहां बंधक बना लिया गया और उसके हाथ बांध कर लाठी डन्डे व गर्म सरिया से मारपीट की गयी। जिसके बाद अनिल सिंह को उपचार हेतु सरकारी अस्पताल खटीमा



ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने अनिल को मृत घोषित कर दिया। मामले में तहरीर के आधार पर गांव के कृष्ण सिंह, उसके भांजे सुमित सिंह, भाभी सुंदरवती और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी। सीओ विमल रावत ने बताया कि हत्याकांड के खुलासे के लिए एसएसपी के निर्देशन पर पुलिस टीमों का गठन किया गया और फोरेंसिक टीम की मदद ली गई। हत्या की घटना के 24 घंटे के भीतर आरोपी कृष्ण सिंह और सुमित सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लाठी, डंडे और सरिया भी बरामद किये हैं। बताया कि आरोपियों ने कमरे में अनिल सिंह के हाथ बांधे और मुंह पर कपड़ा ठूंसकर लाठी-डंडे से उसे पीटा। साथ ही गर्म सरिया से गोदकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस कारण उसकी मौत गई थी। सीओ ने बताया कि आरोपियों की परिचित महिला से अनिल के संबंध होने और विरोध करने पर उसके सुमित के साथ मारपीट से ये लोग उससे रंजिश रखने लगे थे। इसी कारण उन्होंने हत्या को अंजाम दिया। सीओ रावत ने बताया कि मामले में नामजद महिला की संलिप्तता की जांच की जा रही है। पुलिस टीम में कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी, एसएसआई विनोद जोशी, दरोगा ललित बिष्ट, किशोर पंत आदि थे।

# नरभक्षी गुलदार को मारने के लिए छह शूटरों की टीम तैनात,स्कूलों में छुट्टी

टिहरी। उत्तराखंड में टिहरी जिले के भिलंगना ब्लॉक के हिंदाव और ग्यारह गांव पट्टी के गांवों में सक्रिय नरभक्षी गुलदार को मारने के लिए वन विभाग की ओर से 22 फॉरेस्ट गार्डों की टीम बनाकर छह शूटरों की तैनाती कर दी गई है। गुलदार की लोकेशन ट्रेस करने के लिए अब ड्रोन कैमरे की मदद भी ली जा रही है। ट्रैप कैमरों की संख्या आठ से बढ़ाकर 20 कर दी गई है। वहीं शिक्षा विभाग ने गुलदार प्रभावित प्राथमिक विद्यालयों में तीन दिन का अवकाश घोषित कर दिया है। हिंदाव पट्टी के ग्राम पंचायत कोट महर गांव में शनिवार को साक्षी (13) को गुलदार ने हमलाकर मार दिया था। इस घटना के बाद वन, पुलिस और राजस्व विभाग की टीमें घटनास्थल पर तैनात की गई। रात को विधायक शक्ति लाल शाह, डीएफओ पुनीत तोमर, ब्लॉक प्रमुख बासुमति घणाता के गांव में पहुंचते ही ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने तीन माह में तीन बच्चों की मौत होने और गुलदार के अभी तक मारे नहीं जाने पर जमकर खरीखोटी सुनाई। उन्होंने अगले एक सप्ताह में गुलदार न मारे जाने पर उग्र आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी। इस बीच मृतक बालिका का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। वन रेंज अधिकारी आशीष नौटियाल ने बताया कि ड्रोन से भी गुलदार की निगरानी की जा रही है। 22 फॉरेस्ट गार्डों की टीम लगाई गई है। गुलदार की लोकेशन ट्रेस करने के लिए 20 ट्रैप कैमरे, 6 शूटरों की तैनाती की गई है। शूटर की टीम में जॉय हुकिल, जसवंत पंवार, प्रकाश चंद्र सती, जहीर बख्शी, भीम सिंह, लखपत सिंह रावत शामिल है।

# खेल प्रतियोगिताओं में ब्लूमिंग डेल्स स्कूल के खिलाड़ियों ने लहराया परचम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड स्पोर्टस एसोसिएशन की ओर से 9 वीं उत्तराखण्ड राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन ज्ञानद्वीप ग्लोबल स्कूल में किया गया । जिसमे ब्लूमिंग डेल्स मार्डन स्कूल की अंडर 17 वॉलीवाल बालिका टीम ने रजत पदक प्राप्त किया। टीम मे पूनम, इशमीत,पायल, मिनी अदिबा,नैना आदि ने प्रतिभाग किया। अंडर 17 फुटबाल बालक वर्ग में विद्यालय की टीम ने कास्य पदक प्राप्त किया जिसमे हरनूर सिंह, रोहित नेगी, वैभव आदि खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इसके अलावा अंडर 14 कबड्डी बालक वर्ग मे कांस्य पदक प्राप्त किया जिसमे दर्शप्रीत, हिमांशु, सुजीत यादव आदि ने प्रतिभाग किया। अंडर 14 वॉलीवाल बालक वर्ग मे भी कास्य पदक प्राप्त किया जिसमे युवराज, शोएब, सुरेन्द्र आदि ने प्रतिभाग किया। बच्चो की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधक द्वारा बच्चो को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर विजय गिरधर, मैनेजर नीलम धन्जु, प्रधानचार्य पंकज लोहनी, उप-प्रधानचार्य मृदुला गिरधर, अमित अग्रवाल , जसविन्दर कौर, गीता आनन्द, बबीता, पारस सिंह, संजय शाह व अन्य अध्यापक अध्यापिकाओ ने बच्चो को बधाई देते हुए उनकी उज्जवल भविश्य की कामना की।





# अमेनिटी ने जीता नेशनल फुटबाल टूर्नामेंट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विभिन्न खेलों में निरंतर अपना परचम लहराने के बाद अब अमेनिटी पब्लिक स्कूल की फुटबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भोपाल में पीपल्स पब्लिक स्कूल में आयोजित सीबीएसई नेशनल फुटबाल प्रतियोगिता टूर्नामेंट जीत कर एक बार फिर से विद्यालय और राज्य का नाम रोशन किया है। अमेनिटी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सुभाष अरोरा ने बताया कि प्रतियोगिता के सातवें दिन अण्डर 14 आयु वर्ग में फाइनल मुकाबला आर्मी पब्लिक स्कूल बैंगलुरु एवं अमेनिटी पब्लिक स्कूल रूद्रपुर उत्तराखण्ड के बीच खेला गया। इस शानदार मुकाबले में अमेनिटी स्कूल रुद्रपुर ने आर्मी पब्लिक स्कूल को दो एक से हराकर सीबीएसई नेशनल फुटबाल अण्डर 14 प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में अमेनिटी पब्लिक स्कूल की ओर से आभास गणेशन ने शानदार दो गोल किए इसके अलावा आर्मी पब्लिक स्कूल से सरलंबा ने एक गोल किया। इस प्रतियोगिता में बेस्ट स्ट्राइकर आभाश गणेशन अमेनिटी स्कूल बेस्ट डिफेन्डर विशन सिंह अमेनिटी स्कूल तथा बेस्ट गोल कीपर का खिताब सोरेशन आर्मी स्कूल बैंगलूरु को



दिया गया। अमेनिटी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सुभाष अरोरा ने बताया कि अमेनिटी की टीम लगातार नये नये रिकार्ड स्थापित कर रही है। राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बच्चों ने उत्तराखण्ड की फुटबाल को नई पहचान दी है। उत्तराखण्ड की फुटबाल को पुर्नजीवित कर राष्ट्रीय मानचित्र पर दोबारा खड़ा किया है। विगत वर्ष में भी अमेनिटी पब्लिक स्कूल द्वारा राष्ट्रीय स्तर की फुटबाल प्रतियोगिताओं को जीत कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। उत्तराखण्ड के इतिहास में पहली फुटबाल टीम है जिसने राष्ट्रीय प्रतियोगिता जीती है। इस जीत का श्रेय उन्होंने टीम के कोच अमित वर्मा, रिजवान, विवेक, राजेन्द्रो एवं स्वपन को दिया। यह सब कुशल प्रशिक्षकों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। अमेनिटी पब्लिक स्कूल निरन्तर खेल एवं शिक्षा को संतुलित करके चलता है जिससे बच्चों में स्वास्थ्य एवं खेलों दोनों में बराबर समन्वय बना रहता है। ज्ञात हो कि इस वर्ष कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के बोर्ड परीक्षा में स्टेट टॉपर भी अमेनिटी पब्लिक स्कूल के छात्र ही रहे हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती इन्द्रा त्रिपाठी ने टीम की जीत पर भव्य स्वागत किया और टीम को बधाई दी।

# पिथौरागढ़ में बोतल मार कर बुजुर्ग की हत्या, दो गिरफ्तार

पिथौरागढ़। पिथौरागढ़ के मर्सोली गांव में रविवार को एक 60 वर्षीय बुजुर्ग की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने दो युवाओं को हिरासत में लिया है। पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपना जुर्म भी कबूल लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी और बुजुर्ग ने पहले एक साथ बैठ कर शराब पी और फिर मामूली कहासुनी के बाद बुजुर्ग के सिर पर बोतल मार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। हालांकि अभी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। जिला मुख्यालय से दस किमी दूर बुंगा गांव में 60 वर्षीय राजेन्द्र उर्फ हरीश चन्द्र पटियाल अपने परिवार के साथ रहते थे। रविवार सुबह घर से करीब 200 मीटर दूर मर्सोली स्थित एक दुकान की छत पर उनका नग्न अवस्था खून से लथपथ शव मिला। सूचना पर प्रभारी कोतवाल मदन सिंह बिष्ट के नेतृत्व में मौके पर पहुंची टीम ने छानबीन की। अल्मोड़ा से भी फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पहुंचकर सबूत एकत्र किए। प्रभारी कोतवाल बिष्ट ने बताया कि मामले में दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया गया है। फिलहाल दोनों से पूछताछ की जा रही है। बिष्ट ने बताया कि पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि उक्त तीनों लोग बीती रात साथ में शराब पी रहे थे। तब किसी बात पर उनके बीच कहासुनी हुई और शराब की खाली बोतल से दोनों ने बुजुर्ग के सिर और चेहरे पर वार किया। इस दौरान बुजुर्ग बेहोश होकर गिर गया तो वे वहां से फरार हो गए। मृतक के सिर ओर चेहरे पर चोट के गहरे निशान मिले हैं। एसपी पिथौरागढ़ रेखा यादव के अनुसार प्रथम दृष्टया व्यक्ति की हत्या होना सामने आया है। मामले में दो संदिग्ध को हिरासत में लिया है। पूछताछ में उन्होंने अपना जुर्म भी कबूला है। दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई चल रही है।

# पहाड़ी क्षेत्र में 5वीं अनुसूची की वापसी की मांग को लेकर दिल्ली मे संसद कल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्र में 5वीं अनुसूची की वापसी की मांग को लेकर आंदोलन की नई लहर ने जन्म लिया है। जिसके तहत कल 22 दिसंबर को दिल्ली में मूल निवासियों की संसद का ऐलान किया गया है। इस संदर्भ में एक महत्वपूर्ण अधिवेशन का आयोजन नगर निगम सभागार में किया गया। इसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों, युवा नेताओं, साहित्यकारों और पहाड़ी समुदाय के सदस्यों ने एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाई। मुख्य वक्ता अजय सिंह रावत ने बताया सन 1972 से पहले उत्तराखंड का पर्वतीय क्षेत्र संविधान की 5वीं अनुसूची के अंतर्गत था, देश के ट्राइबल क्षेत्र में शेड्यूल्ड डिस्ट्रिक्ट एक्ट, 1874 , नॉन रेगुलेशन एरिया एवं बहिष्कृत क्षेत्र घोषित थे स इन्हीं इलाकों के मूल



निवासियों को आजादी के बाद ट्राइब स्टेटस और 5 वीं अनुसूचि या 6वीं अनुसूची घोषित किया । उत्तराखंड में यही ट्राइबल कानून लागू थे। लेकिन उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्र को 5वीं अनुसूचि लगाने के बजाय,1972 में यह कानून पहाड़ियों से छीन लिया। उत्तराखंड युवा एकता मंच के संयोजक पीयूष जोशी ने कहा कि उत्तराखंड की समस्याओं का एकमात्र समाधान 5 वीं अनुसूची है। पलायन आयोग की जगह सरकार को जल जंगल जमीन बचाने व पहाड़ खाली होने से चीन व नेपाल की नजरे हमारे पहाड़ी क्षेत्रों पर है। अक्साई चीन की तरह यहां विदेशी ताकतों के हस्तक्षेप को रोकने के लिए एक मात्र समाधान पांचवीं अनुसूची है। निशांत रौथान ने कहा कि उत्तराखंड के 80 प्रतिशत लोग मूल रूप से खस जनजाति से हैं। उन्होंने बताया कि हमारा ट्राइबल स्टेटस धीरे-धीरे छीना गया है और इसे वापस प्राप्त करने से ही उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों को बचाया जा सकता है।पहाड़ी आर्मी के संस्थापक अध्यक्ष हरीश रावत ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए कहा कि 5वीं अनुसूची के लिए सड़क से संसद तक लड़ाई लड़नी होगी, जिसके लिए पहाड़ को एकजुट करने का काम पहाड़ी आर्मी करेगी। उत्तराखंड एकता मंच के राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर अनूप बिष्ट ने सभी तथ्यों को पीपीटी के जरिए प्रस्तुत किया और 22 दिसंबर को दिल्ली के जंतर मंतर में होने वाले प्रदर्शन के लिए सभी को आमंत्रित किया। अधिवेशन में डॉ श्याम सिंह रावत ने तोडम, कठपतियां से लेकर तमाम रीति रिवाज व परंपराओं पर ध्यान आकर्षित किया व परंपराओं के आधार पर उत्तरा खण्डियों को ट्राइबल स्टेटस अनिवार्य रूप से मिलना चाहिए। कार्यक्रम का समापन बेरोजगार संघ कुमाऊं संयोजक भूपेंद्र कोरंगा ने लड़ना है भाई ये तो लंबी लड़ाई है गीत के साथ किया। कार्यक्रम का संचालन रिम्पी बिष्ट ने किया।इस दौरान एडवोकेट डीके जोशी, डॉ अजय सिंह रावत, संजय राठौर, विनीत कांडवाल, शांति जीना, भूपेंद्र कोरंगा, हेमा कांडवाल, सौरभ भट्ट, कल्पना रावत , योगिता बनौला , तनु बिष्ट, व डॉ श्याम सिंह रावत, हेमंत पाठक, कमल सुनाल, जीएस बिष्ट, कपिल शाह, कमल चंद्र पांडेय, रविन्द्र जोशी, डूंगर सिंह आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# ऑटो व ई रिक्शा चालकों के लिए चार नवंबर से लागू होगा ड्रेसकोड

## जनपद के चिहिन्त क्षेत्रों में महिला सुरक्षा एवं भयमुक्त वातावरण बनाने के लिए सभी विभाग उठायें कड़े कदम : डीएम

नैनीताल(उद संवाददाता)। प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा उत्तराखंड राज्य में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशानुसार नैनीताल जिले में एक कार्ययोजना तैयार करते हुए अनेक कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। इस हेतु अपर निदेशक सेवायोजन के नेतृत्व में विभिन्न विभागों की महिला अधिकारियों को सामिल करते हुए टीम तैयार कर महिलासुरक्षा को लेकर विभिन्न कार्य कराए गए। महिला सुरक्षा को लेकर किए जा रहे कार्यों के संबंध में कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में जिलाधिकारी वंदना ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर इन कार्यों की समीक्षा की,तथा इस संबंध में किए गए कार्यों की जानकारी ली। बैठक में अवगत कराया कि हल्द्वानी नगर क्षेत्रान्तर्गत 41 विद्यालयों में जाकर गठित टीम द्वारा 45 कार्यशा लाओं का आयोजन कर बालिकाओं से महिला सुरक्षा के संबंध में चर्चा करते हुए उनसे सुझाव लिए गए। इस संबंध में टीम की नोडल अधिकारी अपर निदेशक सेवायोजन ऋचा सिंह ने अवगत कराया कि इन कार्यशालाओं में विद्यालय की छात्राओं ने बताया कि उन्हें अक्सर अनेक स्थानों में विभिन्न प्रकार से भय जैसा वातावरण महसूस होता है,जिसमें अंधेरे के समय नगर के विभिन्न क्षेत्रों में स्ट्रीट टाईट न होने के कारण,खाली खुली भूमि में जहाँ पर अधिक संख्या में भीड़/अराजक तत्व एकत्रित होते हैं ऐसे स्थानों से गुजरने पर,विद्यालय को जाते व आते



समय तेज रफ्तार में बाइकर्स का लगातार आने जाने से सायं व रात्रि के समय ओटो से यात्रा के दौरान चालकों का परिचय पत्र व अन्य जानकारी न होने के साथ ही विभिन्न ठेलों के समीप नशे में एकत्रित लोगों से भय महसूस होता है,इस प्रकार की बातें इन कार्यशालाओं में बालिकाओं द्वारा समिति के सदस्यों को बताई,तथा ऐसे कुल 480 स्थान नगर क्षेत्रान्तर्गत चिह्नित किए गए। इन सभी स्थानों में विभिन्न प्रकार की समस्याओं को अवगत कराया उन समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु व एक भयमुक्त वातावरण तैयार करने हेतु जिले में एक कार्ययोजना तैयार करते हुए विभागों को जिम्मेदारी सौपी गई।साथ ही इन स्थलों का भौतिक निरीक्षण करने के साथ ही उपजिलाधिकारी तुषार सैनी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा सत्यापन के बाद कुल 82 स्थानों को अति संवेदनशील स्थान के रूप में चिह्नित किया गया हैं',इन स्थानों में नशे के कारोबार करने,छेड़छाड़ की घटना के दृष्टिगत संवेदनशील चिन्हित किया गया । इस संबंध में 'जिलाधिकारी ने सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी, तथा पुलिस की टीम को इन सभी 82अति संवेदनशील स्थानों में लगातार छापेमारी की कार्यवाही,ओचक निरीक्षण करने सहित लगातार पुलिस गस्त बढ़ाने के निर्देश दिए'। ताकि इन स्थानों में महिला व बालिकाऐं अपने को किसी भी प्रकार से अपने को असुरक्षित महसूस न करे।जिलाधिकारी ने कहा कि हमें एक भयमुक्त समाज देना है। इन कार्यशाओं में टीम को विभिन्न स्थानों में अंधेरा रहने के कारण डर व भय महसूस होना भी बताया गया,जिनका चिह्नीकरण करते हुए कुल 146 स्थान चिह्नित किए गए,जहाँ स्ट्रीट लाईट न होने के कारण अंधेरा था। उनमें प्रशासन द्वारा तत्काल स्ट्रीट लाइट लगाने का निर्णय लिया गया'। इस संबंध में नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया कि 'नगर निगम द्वारा कुल 106 स्थानों में सोलर स्ट्रीट लाईट लगा दी गई है'।शेष में उरेडा विभाग द्वारा लगाई जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन जिन कारणों से बालिकाएँ असुरक्षित महसूस करती थी,और विभागों द्वारा उन स्थानों में कार्यवाही करते हुए एक सुरक्षित माहौल तैयार करने हेतु विभाग युद्धस्तर पर कार्य करें ,इस संबंध में महिला टीम के सदस्य पुन: विद्यालयों में जाकर बालिकाओं से इस संबंध में जानकारी और फीडबैक भी ले लें। साथ ही अधिकारी इन स्थलों का समय समय पर निरीक्षण भी करते हुए कार्यवाही करें। इसी प्रकार नगर में संचालित ऑटो व ई रिक्शा में यात्रा के दौरान असुरक्षित महसूस करने संबंधित प्रकरण पर प्रशासन द्वारा कार्यवाही करते हुए नगर निगम द्वारा परिवहन विभाग के सहयोग से ऑटो व ई रिक्शा चालकों का सत्यापन का कार्य किया गया,जिन्हें परिवहन विभाग द्वारा परिचय पत्र भी वितरित किए जा रहे हैं, साथ ही इनका एक ड्रेसकोड भी तैयार किया जा रहा है जो आगामी 4 नवंबर से लागू किया जाएगा। इस संबंध में जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि 'जिन ओटो व रिक्शा चालकों के परिचय पत्र वितरित हो गए हैं, वह अवश्य ही उसका उपयोग करे,यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने नगर अंतर्गत वेंडिंग जोन तथा वेंडर के चिह्नीकरण कार्य के बारे में भी अधिकारियों से जानकारी ली। इस संबंध में अवगत कराया कि अभी तक 350 वेंडरों का चिह्नीकरण कर सत्यापन का कार्य हो गया है, वेंडिंग जोन/स्थल चयन का कार्य भी गतिमान है,चयन के अनुसार ही वेंडर को परिचय पत्र जारी किया जाएगा,ताकि वह निर्धारित स्थल पर ही अपनी दुकान को लगा सके। जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि स्थाई वेंडिंग जोन को शीघ्र चिह्नित करने के साथ ही अस्थाई वेंडिंग जोन अर्थात जहाँ जहाँ विभिन्न दिवसों में हाट मेले आदि लगाए जाते हैं उन्हें भी चिह्नित किया जाय । बैठक में नगर आयुक्त विशाल मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस के खिलाफ कांग्रेसियों ने किया धरना प्रदर्शन

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान पिता पुत्री से मारपीट तथा मारपीट का विरोध कर रहे वकील पर दर्ज मुकदमा बापसी को लेकर कांग्रेसी नेता किशोर हलदार के नेतृत्व में तमाम युवकों ने थाने के सामने धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान थानाध्यक्ष द्वारा प्रदर्शन कर रहे युवकों को समझाने का प्रयास किया गया । बताते चलें दुर्गापूजा महोत्व के दौरान 12 अक्टूबर को नगर के मुख्य चौराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस और लोगों के मध्य जमकर नोंकझोंक हो गयी थी । इस दौरान एक बच्ची और थाने में तैनात दरोगा चोटिल हो गए थे । बाद में दरोगा की तहरीर पर थाना पुलिस ने वकील सहित चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओ में मुकदमा कायम किया था । इसी मामले में रविवार सांय कांग्रेसी नेता किशोर हलदार के नेतृत्व में दर्जनों युवकों ने थानाध्यक्ष को निलंबित करने व दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग करते हुए धरना प्रदर्शन किया । इस दौरान लोगों ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की । बाद में मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष



नंदन सिंह रावत ने युवकों को समझाने का प्रयास किया । लेकिन लोग मांग पर डटे रहे । धरना देने वालों में सुमित विश्वास , निक्कू विश्वास, अभिषेक , अविनाश बलराम मंडल , तारक सरकार , प्रकाश ,अभी सरकार, समीर , विवेक , गोकुल, आकाश, विक्की, इंद्रजीत, मनोज, प्रेम ,हरदीप, अभी मंडल, पवन, रोहित, सुब्रत , विपुल , विप्लव, उदित सरकार , शंकर, राम, जयप्रकाश, सूरज मौजूद रहे ।भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने बताया कि घटनाक्रम की जानकारी पुलिस के उच्च अधिकारियों को दिया जाएगा, किसी के साथ अन्याय नहीं होगी बहुत जल्द इस पर क्षेत्र वासियों के लिए एक अच्छा निष्कर्ष निकलकर सामने आएगी।

# विधायक पांडे ने थाने में दिया सांकेतिक धरना

गदरपुर(उद संवाददाता)। सोमवार को अचानक गदरपुर विधायक अरविंद पांडे ने थाना गदरपुर में सांकेतिक धरना दिया जिसे देखकर पुलिस के हाथ पांव फूल गए पीड़ित युवक की शिकायत पर पुलिस की लापरवाही के चलते विधायक को आना पाड़ा थाने,थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान ने विधायक से अनुरोध किया कि वह धरने से उठें और इसमें प्रकरण में वैध ानिक कार्यवाही की जाएगी। सोमपाल पुत्र नेकराम निवासी गिरधर नगर ने थाने में एक शिकायती पत्र देकर बताया कि उसने लगभग15 एकड़ जमीन चौथाई हिस्से पर लेकर धान लगाए थे जिसकी फसल आने पर उसे बिना सूचना दिए खेत स्वामी ने धान काट लिए अब ना तो वह उसका चौथा हिस्सा दे रहा है और ना ही हम पति पत्नी की चार माह की मजदूरी दे रहा है। सोमपाल ने बताया कि थाने के कई चक्कर लगाए हैं लेकिन पुलिस द्वारा हर बार टालमटोल करती जा रही है। मामले की शिकायत लेकर पीड़ित क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे से मिला। विधायक अरविंद पांडे ने थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान से टेलीफोन पर वार्ता की उसके बाद भी मामले का कोई निष्कर्ष



नहीं निकला इसके बाद क्षेत्रीय विधायक पीड़ित परिवार सहित सोमवार को थाना गदरपुर पहुंचे और सांकेतिक धरने पर बैठ गए। विधायक अरविंद पांडे ने कहा कि दोनों पक्ष मेरी विधानसभा के है मुझे किसी से कोई शिकायत नहीं है लेकिन अगर कोई फरियादी मेरे पास शिकायत लेकर आया है तो वह वाकई पीड़ित होगा। सोमपाल अपनी पत्नी के साथ आया और रोते हुए कहा कि वो लोग ना हमारा हिस्सा दे रहे है ना ही हमारी चार माह की मजदूरी दे रहे हैं। पांडे ने कहा कि पुलिस समय रहते अगर मामले का निस्तारण कर देती तो उन्हें आज यहां धरने पर बैठना नहीं पड़ता। इस बीच विधायक पक्ष के कुछ लोगों ने दोनों पक्षों का राजीनामा करवा दिया जिसके बाद विधायक धरने से उठ गये।

# प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने से जनता लुटेगी : हरदा



देहरादून(उद संवाददाता)। पूर्व सीएम हरीश रावत ने सोमवार को अपने आवास पर प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने के चिलाफ एक घंटे का मौन उपवास किया। उन्होंने कहा कि भगवान से प्रार्थना है कि इस सरकार को सद्‌बुद्धि दे और जनता को लूटने का जो यह प्रयास कर रहे हैं, वह प्रयास बंद करें। पूर्व सीएम हरीश रावत ने प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाये जाने के खिलाफ अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि फिर जनता लुटेगी पहले हमारी नदी, गाड़-गधेरों का बालू किसी एक बड़ी कंपनी के हवाले कर दिया। अब वह अपने हिसाब से बालू, बजरी व पत्थर के दाम बढ़ा रहे हैं। अब बिजली का वितरण भी एक कंपनी के नियंत्रण में देना चाहते हैं और उसके लिए प्रीपेड स्मार्ट मीटर एक नाम दिया गया है, हमारे जो पुराने मीटर हैं वह बदले जाएंगे इनकी जगह पर प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे और मैं पूरे विश्वास से कह रहा हूं कि आज जितना लोगों को बिजली का बिल देना पड़ रहा है, पहले तो यहीं लूट हो गई, क्योंकि पहले जितना 2 महीने का बिल आता था अब 1 महीने में बिजली का बिल आ रहा है और यह प्रीपेड स्मार्ट मीटर के नाम पर यह बिल और ढाई गुना बढ़ेगा, लोग लूटेंगे। इसलिए इस प्रीपेड स्मार्ट मीटर के खिलाफ लोगों को आगे आना चाहिए और आवाज उठानी चाहिए।

# स्वास्थ्य बीमा कंपनी को 3,05,621 रुपए भुगतान करने का दिया आदेश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। स्थाई लोक अदालत उधम सिंह नगर ने बीमा कंपनी को स्वास्थ्य बीमा राशि के रूप में 3,05,621 रुपए का भुगतान करने का आदेश पारित किया है। ममता मेहता ने अपने अधिवक्ता के द्वारा एक प्रार्थना पत्र स्थाई लोक अदालत में प्रस्तुत किया था। जिसमे उन्होंने बताया कि केयर हैल्थ इंश्योरेंस बीमा कंपनी से उनके पति द्वारा एक हेल्थ पॉलिसी ली गई थी। हेल्थ पॉलिसी जारी रहने के दौरान प्रार्थिनी के पति का स्वास्थ्य खराब हो गया था जिसमें उन्होंने अपने पति के पेट संबंधित बीमारी का इलाज करवाया था इलाज के दौरान ही प्रार्थिनी के पति की मृत्यु हो गई थी। जिसमें उनका 3,05,621 रुपए खर्च हुआ था। प्रार्थिनी ने अपने पति के इलाज के दौरान उसमें खर्च हुई धनराशि की मांग बीमा कंपनी से की तो उन्होंने प्राथिनी को यह धनराशि देने से इनकार कर दिया था। प्रार्थना पत्र पर विचार करते हुए स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह, सदस्य श्रीमती अर्चना पियूष पंत एवं अब्दुल नसीम ने बीमा कंपनी को एक माह के भीतर 3,05,621 रुपए प्रार्थिनी को भुगतान करने का आदेश पारित किया है।

# विवाह समारोह में हुई फायरिंग

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र ग्राम बिंदुखेड़ा में विवाह समारोह के दौरान फायरिंग से हड़कम्पम च गया। राइफल से चली गोली नजदीक खड़ी बस में जा लगी। गोली चलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने वहां मौजूद लोगों से जानकारी ली और हर्ष फायरिंग करने वाले के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक ग्राम बिंदुखेड़ा में रविवार शाम एक घर में शादी का कार्यक्रम चल रहा तथा। तभी किसी ने दो नाली राइफल से हर्ष फायरिंग कर दी। राइफल से चली गोली पास में खड़ी एक निजी बस में जा लगी। हालांकि फायरिंग में किसी के भी घायल होने की सूचना नहीं है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। एसएसआई ललित मोहन रावल ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंच जानकारी ली पता चला कि राजेन्द्र सिंह पुत्र बग्गा सिंह निवासी ग्राम बिन्दुखेड़ा ने हर्ष फायरिंग की थी, उसकी रायफल को जब्त कर उसके खिलाफ खिलाफ केस दर्ज किया गया साथ ही लाइसेंस निरस्त की भी कार्रवाई की जा रही है।









# चांद का दीदार कर छलनी में किए पति के दर्शन

## करवा चौथ पर्व पर निर्जला व्रत रख सुहागिनों ने मांगा पति की दीर्घायु का आशीर्वाद, सोशल मीडिया पर भी शेयर की तस्वीरें

देहरादून/रूद्रपुर/गदरपुर/खटीमा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समस्त प्रदेशवासियों को करवा चौथ के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। करवा चौथ के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री आवास में सीएम धामी ने अपनी पत्नी श्रीमती गीता धामी के साथ व्रत का परायण किया। वहीं देर रात्रि चांद निकलते ही सुहागिन महिलाओं ने व्रत पूजन कर चांद का दीदार किया। पारम्परिक परिधान में सुसज्जित महिलाओं ने अपने पति के साथ करवा चौथ की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कर अपने अटूट रिश्ते और प्रेम का इजहार किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रेम और अखंड सौभाग्य के महापर्व करवा चौथ पर प्रदेश में अनेक माताओं और बहनों ने अपने पति की दीर्घायु, आरोग्यपूर्ण एवं समृद्ध जीवन हेतु निर्जला व्रत रखा है। उन्होंने कहा कि मैं त्याग एवं समर्पण की प्रतिमूर्ति मातृशक्ति को सादर नमन करता हूं व ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि सभी की मनोकामनाएँ पूर्ण हों। गत दिवस सुहागिन महिलाओं द्वारा करवा चौथ पर्व धूमधाम से मनाया गया। प्रातः से ही महिलाओं ने निर्जला व्रत रख कर सायंकाल मंदिरों व अन्य सथानों पर करवा चौथ की पूजा अर्चना की। जिसके पश्चात रात्रि में उदय होते चन्द्रमां की रोशनी में पति के छलनी में दर्शन कर पूजा अर्चना करने के साथ ही पति की दीर्घायु की कामना की। महिलाओं ने पति के हाथों से जल ग्रहण कर अपना व्रत तोड़ा। सनातन धर्म में करवा चौथ की पूजा का विशेष महत्व माना गया है। नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर, श्री शिव शक्ति मंदिर, मां वैष्णों मंदिर सहित अन्य कई मंदिरों के साथ ही अनेक आवासों में भी सुहागिन महिलाओं ने विधि विधान से करवा माता की कथा का श्रवण किया। रात्रि में चन्द्रमां के उदय होते ही सुहागिनों के चेहरों पर खुशी की लहर व्याप्त हों गई। वहीं लोगों द्वारा आतिशबाजी कर चन्द्रमां के उदय होने का जोरदार स्वागत किया गया। जिन सुहागिन महिलाओं के पति किन्ही कारणों से घरों में मौजूद नहीं थे उनकी पत्नियों द्वारा पति की फोटो के दर्शन कर व्रत तोड़ा गया और वीडियो को पति से शेयर किया। करवा चौथ व्रत को लेकर सभी सुहागिनों के चेहरों पर एक अलग ही खुशी दिखाई दे रही थी।


मुख्यमंत्री आवास में करवा चौथ के पावन पर्व पर सीएम पुष्कर सिंह धामी।

**गदरपुर**–नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में करवाचौथ का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पर्व पर सुहागिन महिलाओं ने उपवास रखा और सायं को कई स्थानों पर सामूहिक रुप से पूजा कर कथा को श्रवण किया। रविवार को सुहागिन महिलाओं ने तड़के करीब चार बजे उठकर करवा चौथ का व्रत रखा। महिलाओं ने पूरे दिन पति की दीर्घायु के लिए बिना पानी पीये उपवास रखे रखा। सायं को महिलाओं ने कई स्थानों पर सामूहिक रुप से पूजा अर्चना करते हुए कथा को श्रवण किया।ज्ञान विहार कॉलोनी में भी सुहागानों द्वारा चंद्रमा देखने के उपरांत व्रत खोला गया वहीं श्री सनातन धर्म मंदिर के पंडित विजय शास्त्री द्वारा एनडीआरएफ की महिलाओं को पूजा–अर्चना के साथ कथा का श्रवण किया एवं आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इस मौके पर मीनू पाल, अनु गंगा, रोजी अरोड़ा, पायल बजाज, सौम्या बजाज, ज्योति ग्रोवर, बॉबी ढींगरा, रंजू बजाज, अंशुल कालड़ा, सपना कालड़ा, सोनम कालड़ा रेशम बजाज, शैली बजाज, निशा बजाज, कविता, पिंकी, सरोज, सोनी, दीपिका, बुलबुल, किरण अनेजा, दीक्षा बजाज, प्रीति बजाज, अमृत छाबड़ा, गीता बजाज, योगिता आहूजा, दीक्षा बजाज, सांची बत्रा, कविता भुड्डी, नेहा डोडा, रेखा, रेनू गुप्ता, आदि मौजूद रहीं।

**खटीमा ।** महिला पंजाबी महासभा द्वारा पंजाबी मंदिर में करवा चौथ उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया, महिला पंजाबी महासभा की नगर अध्यक्ष सोनिया सुरेजा के नेतृत्व में पंजाबी समाज से जुड़ी हुई महिलाओं ने करवा चौथ व्रत रखा गरबा गीत गए एवं पंजाबी गीतों एवं बोलियां गाकर करवा चौथ उत्सव मनाया। इस अवसर पर महामंत्री पूजा बत्रा, आरती डाबर ,पूजा वाधवा, मोनिका ढींगरा, दीप्ति ग्रोवर, सारिका बत्रा,चेतना डाबर, किरण अरोरा, उर्मिला अरोरा, नीना बत्रा, वंदना बत्रा, किरन ढींगरा, पायल गुंबर, सुनीता डाबर, श्वेता डाबर, आरती बत्रा आदि पंजाबी सभा की महिलाए उपस्थित थी।














# विधायक अरोरा ने किया पटेल चौक का शिलान्यास

## पटेल जयंती समारोह में सैकड़ों महिलाओं को किया गया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कुर्मी महासभा की ओर से नौंवा पटेल जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में कुर्मी समाज की सैकड़ों महिलाओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक शिव अरोरा और विशिष्ठ अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा एवं कुर्मी महासभा के अध्यक्ष सौरभ गंगवार ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने ट्रांजिट कैम्प मोड़ पर झील के सामने प्रस्तावित पटेल चौक का शिलान्यास भी किया। विधायक शिव अरोरा ने विधायक निधि से पटेल चौक पर लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की छह फुट ऊंची मूर्ति लगाने की घोषणा की। बतौर मुख्य अतिथि अपने सम्बोधन में विधायक शिव अरोरा ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माता सरदार वल्लभ भाई पटेल ने पूरे राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। राष्ट्रवाद की भावना से ओतप्रोत एक संयुक्त देश की स्थापना के लिए सरदार पटेल ने जो काम किया था, उसे कभी नहीं भुलाया जा सकता। सरदार पटेल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान नेता थे, जिन्होंने भारतीय समृद्धि और एकता की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्हें लौह पुरुष और एकता के पिता के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल जी की स्मृति में कुर्मी महासभा द्वारा हर साल आयोजित किया जा रहा कार्यक्रम सराहनीय है। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल जी को लौह पुरुष के नाम से जाना जाता है क्योंकि उन्होंने भारत को एक साथ जोड़ने का महान काम किया। उन्होंने सैकड़ों रियासतों को एक साथ आने की प्रक्रिया को पूरा किया और भारतीय संघ की नींव रखी। सरदार पटेल जी ने स्वतंत्रता संग्राम के समय महात्मा गांधी के साथ मिलकर जनसंघटन को संगठित किया और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को मजबूत बनाया। उन्होंने हमारे देश के एकता और अखंडता के लिए अपनी जीवन की सारी शक्ति दी। आज, हमें सरदार पटेल जी के महान कार्यों को याद रखना चाहिए और उनके आदर्शों का पालन करना चाहिए। उनका संघर्ष और समर्पण हमें एक बनाने का संदेश देता है, चाहे हम जिस भी क्षेत्र में हों, हमें अपने देश के लिए एकजुट होने का संकल्प लेना चाहिए।इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक कुर्मी महासभा के अध्यक्ष सौरभ गंगवार ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन विधायक शिव अरोरा को सौंपकर कई समस्याएं उठाई। उन्होनें ज्ञापन के माध्यम से पिछड़ी जाति के जाति प्रमाण पत्र की प्रक्रिया का सरलीकरण करने, जाति प्रमाण बनने के बाद तीन साल बाद दुबारा बनाने की अनिवार्यता को खत्म करने, रूद्रपुर नगर निगम में मेयर की सीट को पिछड़ी जाति के लिए आरक्षित करने, ट्रांजिट कैम्प थाने को अन्यत्र बड़े परिसर में स्थानांतरित करने, रूद्रपुर में जाम से निपटने के लिए प्रमुख सड़कों का चौड़ीकरण करने, बाजार में चार पहिया वाहनों को प्रतिबंधित करने, स्मार्ट मीटर लगाने का निर्णय वापस लेने, नजूल भूमि पर मालिकाना हक प्राप्त करने वालों का रजिस्ट्री शुल्क माफ करने, एवं कर्मचारियों की पुरानी पेंश बहाल करने की मांग की।इससे पूर्व कुर्मी महासभा के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ठ अतिथियों को लवार, स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओमप्रकाश गंगवार ने की जबकि संचालन रामधारी गंगवार ने किया। इस अवसर पर कमल श्रीवास्तव, एडवोकेट गुरबाज सिंह,भगवान दास, मनोहर लाल गंगवार, आकाश गंगवार, काजल चौहान आदि समेत तमाम लोग मौजूद थे।



# शिक्षा में नवाचार और विकास के लिए प्रयास जरूरी: अग्रवाल

## रूद्रपुर में संपन्न हुआ सी०बी०एस०ई० विद्यालय प्रमुखों का सम्मेलन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उधम सिंह नगर एसोसिएशन ऑफ इंडिपेंडेंट स्कूल्स की ओर से शहर के एक होटल में उधमसिंह नगर जिले के सी0बी0एस0ई0 से सम्बद्ध प्रतिष्ठित विद्यालयों के विद्यालय प्रमुखों व प्रधानाचार्यों का भव्य सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें सी0बी0एस0ई0 क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून के क्षेत्रीय अधिकारी मनीष अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। सम्मेलन में जिले भर के विद्यालयों के उन वरिष्ठ विद्यालय संस्थापकों व प्रबंधकों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने 'गुणवत्तायुक्त शिक्षा सभी का अधिकार' की अवधारणा को अपनी दूरगामी सोच में निहित कर अस्सी व नब्बे के दशक में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में प्राइवट विद्यालयों की स्थापना कर अपने इलाकों में शिक्षा की अलख जगाई। भव्य समारोह में जिले भर के सी0बी0एस0ई0 से संबंद्ध स्कूलों के लगभग 130 प्रबंधकों व प्रघानाचार्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल व एसोसिएशन के पदस्थ अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की। तदुपरांत कोलंबस पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक स्वागत गीत की प्रस्तुति देकर उपस्थित गणमान्यों का संगीतमय स्वागत किया। तत्पश्चात उधम सिंह नगर एसोसिएशन ऑफ इंडिपेंडेंट स्कूल्स के महासचिव व कोलंबस स्कूल के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार खेड़ा ने स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम को गति प्रदान की। मुख्य अतिथि सीबीएसई क्षेत्रीय अधिकारी श्री अग्रवाल ने शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालयों के वरिष्ठ संस्थापकों व प्रबंधकों के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्कूलों प्रबंधकों का कार्य केवल प्रबंधन तक सीमित नहीं है, बल्कि वे शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने, छात्रों के विकास और शिक्षकों के प्रेरणास्रोत भी होते हैं। उनका योगदान हमारे समाज में शिक्षित और सक्षम नागरिकों के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि आज की शिक्षा प्रणाली में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद, स्कूल संस्थापकों ने अपनी नीतियों और प्रयासों के माध्यम से के बावजूद शिक्षण को आमजन के लिए सुगम बनाने का कार्य किया है। मुख्य अतिथि ने इस बात पर जोर दिया कि ये संस्थापक न केवल शैक्षिक संस्थान चला रहे हैं, बल्कि वे अपने छात्रों के जीवन में परिवर्तन लाने का कार्य भी कर रहे हैं, जिससे छात्रों को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने में सहायता मिल रही है। मुख्य अतिथि ने सभी स्कूल प्रबंधकों से आग्रह किया कि वे लगातार नवाचार और विकास के लिए प्रयासरत रहें, ताकि शिक्षा का स्तर और अधिक ऊँचा उठ सके। वरिष्ठ संस्थापकों व प्रबंधकों को सम्मानित करना कार्यक्रम के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। इस दौरान मुख्य अतिथि मनीष अग्रवाल ने शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा दिए गए उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें विशेष रूप से सम्मानित करते हुए दुशाला ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका मान बढ़ाया। इस दौरान सम्मानित संस्थापकों ने भी शिक्षा के क्षेत्र में पिछले 25-30 वर्षों के अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि शिक्षण की इस यात्रा में उन्होंने कितनी चुनौतियों का सामना किया और किस प्रकार उन्होंने अपने छात्रों के भविष्य को संवारने के लिए निरंतर प्रयास किए। इस अवसर पर उधम सिंह नगर एसोसिएशन ऑफ इंडिपेंडेंट स्कूल्स के अध्यक्ष नायब सिंह धालीवाल व कोषाध्यक्ष डॉ0 पुनीत गोयल ने भी मुख्य अतिथि के साथ मंच साझा करते हुए अपने अनुभवों व एसोसिएशन की उपलब्धियों की चर्चा की। साथ ही सभी स्कूलों के प्रबंधकों व प्रधानाचार्यों को स्कूल एसोसिएशन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए उनका तहे दिल से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का मंच संचालन कर रहे संदीप नैथानी व संजय कुमार सिंह की वाक्पटुता ने दर्शकदीर्घा से खूब वाहवाही लूटी। सम्मेलन में सभी ने मिलकर शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए एकजुट होने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत की ओर संदीप नैथानी ने घन्यवाद प्रस्ताव पढ़कर कार्यक्रम का समापन किया।इस अवसर पर श्रीमती पूजा अग्रवाल, दीपक गुप्ता, नरेश भारद्वाज, श्रीमती स्किंपी गर्ग ने कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाई। इस दौरानजिले भर से पधारे विद्यालय प्रबंधकगण एवं प्रधानाचार्यगण थे।







# जाम से निपटने के लिए गांधी पार्क में शुरू कराई पार्किंग

रुद्रपुर। त्योहारों को देखते हुए बाजार मे जहाँ ग्राहकों की संख्या काफी है ऐसे मे गाड़ियों के रोड पर पार्क करने या बाजार मे ले जाने पर जाम की स्थिति उत्पन्न हों जा रही थी, जिसको देखते हुए क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा पार्किंग के समाधान को लेकर गाँधी पार्क पहुँचे, मौके पर नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, कोतवाल मनोज रतूड़ी भी साथ मे रहे। विधायक शिव अरोरा ने कहा करवाचौथ से लेकर दीपावली



व छठ पूजा पर्व तक जहाँ बाजार मे भारी भीड़ रहती है ग्राहकों का आवागमन को सुगम बनाने की दृष्टि से गाँधी पार्क मे वाहन ही पार्किंग के लिये उपयोग किया जायेगा। त्यौहार खत्म होते ही पुनः गाँधी पार्क उसी प्रकार रहेगा, विधायक शिव अरोरा ने मौके पर गाँधी पार्क का गेट खुलवाकर वाहन खड़े करना शुरू करवाया जहाँ लघु व्यापार मंडल ठेला व्यापारी ने विधायक शिव अरोरा का माला पहनाकर इस सुविधा हेतु आभार जताया। विधायक ने कहा कि गाँधी पार्क मे वाहन खड़े होने से जाम नहीं लगेगा, साथ ही मार्किट की ओर आने वाले लोगो से अपील की वाहन पार्किंग हेतु गाँधी पार्क का उपयोग करे। इस मौके पर नगर आयुक्त दुर्गापाल, कोतवाल मनोज रतुड़ी, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव, आशू मिड्डा, मनोज मदान, सुरेश शर्मा, वासु गुम्बर व अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# युवा वैश्य महासभा कार्यकारिणी का किया विस्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। युवा वैश्य महासभा की एक आम सभा सम्पन्न हुई। जिसमें अध्यक्ष अतुल जायसवाल के नेतृत्व एवं महामंत्री कपिल अग्रहरि के संयोजन औरघ कोषाध्यक्ष प्रकाश कंसल की संस्तुति पर कार्यकारिणी 2024-2025 का विस्तार किया गया। अध्यक्ष अतुल ने युवाओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि युवा भीड़ नहीं नेतृत्व है और सभी को साथ मिलकर समाज के उत्थान में संपूर्ण रूप से सहयोग प्रदान करना होगा। उन्होंने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए संरक्षक रामबाबू जायसवाल, तनुज गुप्ता, आलोक शारदा, गंगा जायसवाल, मार्गदर्शक मण्डल में विजय गुप्ता, रूपेन्द्र नागर, विनीत अग्रवाल, रजत माहेश्वरी, उमेश गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष केसरवानी, तरुण माहेश्वरी, सरिल गोयल, रोहित अग्रहरि, गौरव अग्रवाल, उपाध्यक्ष उज्जवल जैन, गौरव गुप्ता, सचिन खण्डेलवाल, कनव अग्रवाल, संदीप केसरवानी, आकाश अग्रहरि, जलज वार्ष्णेय, सुमित साहू, सचिव नमन जैन, सिद्धार्थ अग्रवाल, रजत गुप्ता, लव मित्तल, अक्षत मित्तल, संतोष केसरवानी, अंशु साहू (रोहित), दिव्यांश सिंघल,संगठन सचिव रवि केसरवानी, राजेश जायसवाल, अंकित गुप्ता, सचिन जायसवाल, केतन जायसवाल, अतुल केसरवानी, ओमकार साहू, अमन केसरवानी, सुमित जैन, योगेन्द्र साहू, प्रचार सचिव ममित देवल, श्याम केसरवानी, अभिषेक अग्रहरि, रजत जायसवाल, ऋषभ बंसल, प्रणव मित्तल, अभिषेक केसरवानी, तुषार मित्तल, रोहित गुप्ता, सूर्यांश गुप्ता, आय व्यय निरीक्षक नितेश देवल, सांस्कृतिक सचिव यश जायसवाल, विधि प्रकोष्ठ अमित गोयल, समन्वय घटक समाज सुरेश केसरवानी, मीडिया प्रभारी वैभव गुप्ता, सोशल मीडिया प्रभारी यश गुप्ता, विशेष आमंत्रित सदस्य अभिनव वार्ष्णेय, अनुज गोयल, अजय साहू, पार्थ गुप्ता, सुमित केसरवानी, प्रदीप गुप्ता, गौरांग जैन, शुभम अग्रवाल, स्थाई आमंत्रित सदस्य विपुल अग्रवाल, संदीप गुप्ता, वीरेंद्र जायसवाल, रमेश केसरवानी, आशीष साहू, सुनील माहेश्वरी, अनुज देवल, मनोज गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, सचिन गुप्ता, संजू वार्ष्णेय, अमित जैन, सचिन नागर, अंश गुप्ता, कपिल अग्रहरि तथा आकाश शारदा, मयंक गुप्ता, सूरज अग्रहरि, अक्ष गुप्ता, अरूण गुप्ता, अनुभव मित्तल, आयुष साहू, ध्रुव केसरवानी, रोहित केसरवानी, निखिल केसरवानी, संजू केसरवानी, मनीष अग्रहरि, अभिनव अग्रहरि, अमित अग्रहरि, प्रशांत गुप्ता, अमन गुप्ता, राज गुप्ता, हेमन्त साहू, रवि गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, विजय साहू, रोहित केसरवानी, संदीप केसरवानी, विशाल गुप्ता, मनोज केसरवानी, अंश गुप्ता, प्रदीप साहू, नितिन केसरवानी, ललित केसरवानी, सुशील साहू, चित्रेश गुप्ता, दिव्यम अग्रवाल, शोभित अग्रवाल, अनन्त गर्ग, रूद्राक्ष गर्ग, अभिनव अग्रवाल, शुभम वार्ष्णेय, अनिल गुप्ता, अपूर्व जायसवाल, अमन साहू, विनय गुप्ता, आशीष केसरवानी, नीरज साहू, ऋषभ केसरवानी को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शामिल किया गया



# भगवान दास को भेंट किया ई रिक्शा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।पिछले दिनों मुख्यमंत्री विवेकाधीन से कोष से प्राप्त पाँच हजार रुपये के चैक प्रकरण में जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा व उपहास का पात्र बने निर्धन भगवानदास की आर्थिक स्थति को देखते हुए समाजसेवियों ने सामूहिक रूप से एक ई रिक्शा भेंट किया। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व पत्रकार राजीव चावला ,प्रतिष्ठित व्यापारी जितेश शर्मा, समाजसेवी संजय ठुकराल ने संयुक्त रूप



से उपेक्षित भगवान दास को ई रिक्शा भेंट किया। पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि पिछले दिनों चर्चा मे रहे उपेक्षित भगवान दास की निर्धनता को दृष्टिगत सिद्धबली इन्टर प्राइजेज के सौजन्य से एक ई रिक्शा भगवानदास को समर्पित किया गया है। समस्त समाज सेवियों ने कहा कि भगवान दास की तीनों पुत्रियों के विवाह हेतु समर्पण भाव से आर्थिक सहायता की जायेगी ।अवसर पर संजय ठुकराल, जितेश शर्मा,अजय नारायण सिंह, ललित सिंह बिष्ट, हैप्पी चौहान, सुरजीत शर्मा, कुलदीप सिंह,अमरीक सिंह, हर्षशर्मा, अमन आशा देवी, पूजा आदि लोग मौजूद रहे।

# स्मृति दिवस पर शहीद पुलिस कर्मियों को दी श्रद्धांजलि

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शहीद पुलिस कर्मियों को एसएसपी मणिकांत मिश्रा समेत अन्य अधिकारियों कर्मचारियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस दौरान शहीद पुलिस जवानों को ऊधमसिंहनगर पुलिस द्वारा श्रद्धापूर्वक सलामी दी गई। इस दौरान बताया गया कि इस वर्ष 1 सितंबर 2023 से 31 अगस्त 2024 तक उत्तराखंड पुलिस के चार पुलिस



अधिकारी/कर्मचारीगण ड्यूटी के दौरान अपनी ड्यूटी करते हुए शहीद हुए हैं। जिनमें जनपद ऊधमसिंहनगर पुलिस से दो पुलिसकर्मी, कांस्टेबल गोविंद सिंह भंडारी तथा कांस्टेबल गणेश कुमार ने ड्यूटी के दौरान कर्तव्य पालन करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया ।सभी को पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुलिस लाइन स्थित शहीद स्थल पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# 1.322 किलो चरस के साथ तस्कर पिता पुत्र गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भवाली थाना पुलिस ने चौकिंग के दौरान नशे के तस्कर पिता पुत्र को 1.322 किग्रा. अवैध चरस सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार प्रेम विश्वकर्मा प्रभारी वरिष्ठ उप निरीक्षक कोतवाली भवाली के नेतृत्व में चौकी रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा चौकिंग के दौरान नशे के विरूद्व प्रभावी कार्यवाही करते हुये मोटरसाइकिल पर सवार बाप बेटे को रोकने पर उन्होंने अपना नाम पता फहीम अहमद पुत्र अकील अहमद निवासी इंदिरा नगर थाना बनभूलपुरा व फैजान पुत्र फहीम अहमद निवासी इंदिरा नगर थाना बनभूपुरा बताया। तलाशी लेने पर



उनके कब्जे से कुल 1.322 किलोग्राम अवैध चरस बरामद हुई। जिन्हें चरस के साथ गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि चरस मुक्तेश्वर गांव से एकत्र कर हल्द्वानी में त्योहार के मौके पर पैसों के लालच में बेचने के लिए ले जा रहे थे। पुलिस टीम में प्रेम विश्वकर्मा प्रभारी कोतवाली भवाली, उनि गुलाब कंबोज चौकी प्रभारी रामगढ़,का.दर्शन चौधरी, छोटेलाल तथा सुरेंद्र सिंह शामिल थे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# आतंकियों की टारगेट किलिंग

कश्मीर में पिछले कुछ समय से, बाहरी राज्यों से गए मजदूरों पर, लक्षित आतंकी हमलों का जो दौर शुरू हुआ है और उसमें जैसी निरंतरता देखी जा रही है, वह अब सरकार और वहां तैनात सुरक्षा बलों के लिए एक जटिल चुनौती बन रही है। गौरतलब है कि शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में एक प्रवासी मजदूर का शव मिला था। रोजी-रोटी की तलाश में बिहार से वहां गए मजदूर को दो गोलियां मारी गई थीं। अनुमान है कि दहशतगर्दों ने टारगेट अटैक की अपनी रणनीति के तहत उस मजदूर की हत्या कर दी। यह कोई पहली घटना नहीं है, मगर सच यह है कि हाल के वर्षों में सुरक्षा बलों के शिविरों से लेकर प्रवासी मजदूरों तक के घरों पर हमला करने के पीछे उनकी हताशा दिखती है। हालांकि आतंकवादी गिरोहों से किसी तरह के विवेक की उम्मीद करना बेमानी है, मगर हैरानी की बात यह है कि बेहद कमजोर तबके के ऐसे लोगों को भी मार डालने में वे नहीं हिचकते, जो महज रोजी-रोटी की उम्मीद में अपनी जमीन से उखड़ कर वहां पहुंचे होते हैं।जम्मू-कश्मीर में टारगेट अटैक के रूप में आतंकी हमलों की यह नई प्रकृति है, जिसमें आतंक का दायरा फैल रहा है। निश्चित रूप से यह चिंता की बात है और सुरक्षा बलों के साथ सरकार को आतंकवाद के इस नए चेहरे से निपटने के लिए अलग रणनीति पर काम करने की जरूरत है। इस समस्या के जटिल होते जाने की मुख्य वजह यह रही है कि इसके तार सीमा पार के ठिकानों से संचालित संगठनों से जुड़े हैं। वहीं से मिलने वाले संरक्षण और पोषण का नतीजा है कि कभी सुरक्षा बलों के शिविर पर हमला करके, तो कभी किसी प्रवासी मजदूर की हत्या कर आतंकी अपनी मौजूदगी दर्शाना चाहते हैं। हाल में हुए विधानसभा चुनावों के बाद वहां एक चुनी हुई सरकार ने काम करना शुरू कर दिया है और उसके बाद यह स्वाभाविक उम्मीद जगी है कि वह अपनी सीमा में आतंकवाद और खासतौर पर टारगेट अटैक पर काबू पाने के मामले में सख्त कदम उठाएगी। यही उसकी कसौटी भी है कि इस दिशा में वह क्या कर पाती है।

# गोर्खा दशैं-दीपावली महोत्सव का धूमधाम से समापन

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के कृषि एवं सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी की मौजूदगी में रविवार को गोरखा दशैः दीपावली-2024 का धूमधाम से समापन हुआ। तीन दिवसीय मेले के आखिरी दिन लोगों ने परिवारों के साथ मेले का लुत्फ लिया। बच्चों और परिवारों के साथ मेला पहुंचे लोगों ने झूलों के साथ गोर्खाली व्यंजनों का जमकर आनंद लिया। गोर्खा दशैं-दीपावली महोत्सव के अंतिम दिन मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश के कृषि एवं सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर गणेश जोशी ने वीर गोर्खा कल्याण समिति के सभी लोगो को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पिछले कई सालों से गोर्खा दशैं-दीपावली महोत्सव को इस उत्सव को वीर गोर्खा कल्याण समिति के लोग भव्य तरीके से मना रहे है। इस प्रकार के आयोजनों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन के माध्यम से आने वाली युवा पीढ़ी को हमारी संस्कृति को जानने का अवसर मिलेगा। वीर गोर्खा कल्याण समिति के अध्यक्ष कमल थापा ने मुख्य अतिथि गणेश जोशी, अति विशिष्ट अतिथि एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी मेहमानों का धन्यवाद किया।उन्होंने बताया कि गोर्खा दशैं-दीपावली महोत्सव में कला एवं संस्कृति का अनूठा संगम चला। विभिन्न जगह से आए कलाकार प्रतिभा का परिचय दे रहे हैं ।वीर गोर्खा कल्याण समिति के हर आयोजन को सामूहिक रूप में मनाकर ये लोग अपनी एकजुटता का प्रदर्शन करते हैं अनुष्का थापा, सागरिका दीवान और निशा राणा आज के मेले में मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। वीर गोर्खा कल्याण समिति की अनुष्का और सागरिका ने अपने बेहतरीन प्रस्तुति से दर्शक दीर्घा में बैठे सभी दर्शकों का दिल जीत लिया एक तरफ जहाँ अनुष्का एंड ग्रुप ने विभिन्न स्थानीय लोक कला के माध्यम से गोरखाली संस्कृति के विभिन रंग,कला,गीतों को दिखा कर लोगो को गोरखाली संस्कृति के बारे मे बताया, तो वहीं दूसरी तरफ सागरिका एंड ग्रुप ने अपने नृत्य से लोगो को थिरकने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित वीर गोर्खा कल्याण समिति के कोषाध्यक्ष टेकु थापा ने बताया कि मेले के दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ भारत और नेपाल के कलाकारो और उनकी संस्कृतियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। मेले के द्वारा उत्तराखण्ड की संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। आयोजित किए गए कार्यक्रम अति विशिष्ट अतिथि के रूप में आईजी गढ़वाल करन सिंह नगन्याल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व ओएसडी उत्तराखंड सरकार सिंह पंवार, डॉ. मोहन कार्की संतोष कुमार गुप्ता , श्री डी.एस मान, धीरेन्द्र पंवार सुरेंद्र पांडे विवेक सिंह सोनम चोंगयेल ,अभिषेक शाही राजेन्द्र गिरी मौजूद रहे।





# 31 अक्टूबर तक हर हाल में गड्ढा मुक्त हो सड़कें: डीएम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा 15 अक्टूबर तक सभी सड़कों को गढ्ढा मुक्त करने के निर्देश दिये गये थे, जिसके क्रम में जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जनपद की सड़कों को गढ्ढा मुक्त कार्यो की समीक्षा करते हुए मुख्य सड़क मार्गो को 31 अक्टूबर तक गढ्ढा मुक्त के साथ ही अन्य कमियां दुरूस्त करने के निर्देश सड़क महकमों व निकायों को दिये। उन्होने सभी मुख्य सड़कों को दुरूस्त करने के साथ ही प्रमाण पत्र भी देने के निर्देश दिये। नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल ने बताया कि नगर निगम की मुख्य 46 सड़कों को 2.5 करोड़ की धनराशि से गढ्ढामुक्त कर दिया गया है। बाजार की अन्य सभी सड़कों को एक सप्ताह के भीतर गढ्ढामुक्त कर दिया जायेगा। अधीक्षण अभियंता लोनिवि हरीश कुमार ने बताया कि जनपद की सभी मुख्यमार्ग को गढ्ढामुक्त कर दिये गये है, 20 प्रतिशत से अधिक क्षतिग्रस्त मुख्य मार्ग जो गढ्ढामुक्त के मानक में नही आते है, उन सड़कों के पुनःनिर्माण प्रस्ताव शासन को प्रेषित किये गये है। उन्होने बताया कि द्वितीय चरण में ग्रामीण सड़क मार्गो को गढ्ढा मुक्त किया जायेगा। जिलाधिकारी ने सड़क महकमों के अभियंताओं को निर्देश दिये कि वे गढ्ढा मुक्त सड़को व पुनर्निर्माण मानकों में आने वाली सड़को की सूची जिला कार्यालय को उपलब्ध कराये ताकि उनका उप जिलाधिकारियों के माध्यम से सत्यापन कराया जा सकें। उन्होने दो दिन के भीतर सभी गढ्ढा मुक्त सड़को का निरीक्षण सर्वे सहायक अभियंताओ व अवर अभियंताओं से कराने के निर्देश अधीक्षण अभियंता को देते हुए सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये ताकि सड़को का सत्यापन प्रशासनिक अधिकारियों से कराया जा सकें। उन्होने राष्ट्रीय राजमार्ग लोनिवि खण्ड हल्द्वानी को निर्देश दिये कि वे खटीमा से नानकमत्ता मार्ग को ठीक करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी नगर निगमो के आयुक्तो व निगर निकायों के उप जिलाधिकारियो/प्रशासक तथा अधिशासी अधिकारियों को भी निकायो के मुख्य मार्गो को ठीक कराने के निर्देश दिये। उन्होने परिवहन व पुलिस विभाग को खनन वाहनों को निर्धारित सड़क मार्गो पर चलाने हेतु नियमित अभियान चलाकर चौकिंग करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि आये दिन शहरों में सड़को पर खोखे, फड़, दुकाने लगाकर अवैध अतिक्रमण की शिकायते आ रही इसलिए सभी उप जिलाधिकारी व ईओ को व्यापार मण्डल से वार्ता कर सड़कों से ठेली, खोखे, रेड़ी, दुकाने हटाने के निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि दीपावली का त्योहार आ रहा है इसलिए पटखों की दुकानें निर्धारित स्थानों पर ही लगवाये ताकि किसी प्रकार के हादसे से बचा जा सकें व यातायात भी सुचारू बना रहें। बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, ओसी कलेक्ट्रेट डॉ0 अमृता शर्मा, एआरटीओ चक्रपाणी मिश्रा, विमल पाण्डे, प्रबंधक एनएच एआई मीनू, अधिशासी अभियंता लोनिवि खटीमा नीरज अग्रवाल, सिंचाई पीसी पाण्डे, सहायक अभियंता लोनिवि विनोद सनवाल, पीडी तिवारी, परवेज आलम मौजूद थे व उप जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारी वीसी के माध्यम से जूड़े थे।



# कांडा को पृथक विकासखंड बनाने की मांग हुई तेज

बागेश्वर(उद संवाददाता)। कपकोट विधानसभा क्षेत्र के कांडा तहसील के गाँवों को बागेश्वर और कपकोट विकासखंड से जुड़े विभिन्न गाँवो को पृथक कर कांडा को अलग विकासखंड बनाए जाने की मांग को लेकर कपकोट विधायक सुरेश गड़िया के नेतृत्व में ब्लॉक बनाओ संघर्ष समिति से जुड़े पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। इस दौरान कपकोट विधायक सुरेश गड़िया और संघर्ष समिति से जुड़े पदाधिकारी एड गोविन्द सिंह भंडारी और अन्य सदस्यों ने पूर्व में कांडा ब्लॉक की घोषणा होने और फिर ब्लॉक को बागेश्वर में संबद्ध किए जाने की बात बताई,कहा की कांडा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियोंके अपने ग्राम पंचायतो के विकास कार्यों के लिए ब्लॉक मुख्यालय की दौड़ और चक्कर काटने में ही पसीने छूट जाते है, जिस कारण विकास कार्यों के लिए मिली धनराशि में आधा खर्चा आवागमन करने में चले जाती है। ब्लॉक मुख्यालय कपकोट होने से पहले लोगों को दूरस्थ क्षेत्रों से कांडा फिर बागेश्वर होते हुए कपकोट जाना पड़ता है, वहीं ब्लॉक जाने के लिए बागेश्वर- पिथौरागढ़ जिले के सीमावर्ती गाँवो के लोगोंको अत्यंत परेशानी उठानी पड़ती है। ब्लॉक के लिए लगभग 90किमी की दूरी तय करनी पड़ती है। वहीं क्षेत्रीय विधायक ने मुख्यमंत्री से क्षेत्रीय लोगों की ब्लॉक बनाने की मांग को जल्द केंद्र सरकार से स्वीकृति दिलाने के लिए असीम सहयोग देने की अपील की। वहीं मुख्यमंत्री द्वारा प्रतिनिधिमंडल को आवश्यक सहयोग का भरोसा देते हुए राज्य सरकार की ओर से हरसम्भव सहयोग का भरोसा दिया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता और एड गोविंद भंडारी सहित अन्य जन उपस्थित थे ।



# सड़क हादसे में घायल महिला ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बीते दिनों गूलरभोज में एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला ने गत रात्रि उपचार के दौरान उस समय दम तोड़ दिया जब उसे उपचार के लिए एम्स ऋषिकेश ले जाया जा रहा था। मृतका का शव यहां जिला चिकित्सालय ले जाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भिजवाया। जानकारी के अनुसार गूलरभोज निवासी 60 वर्षीय सुशीला पत्नी जन्कू को गत 7 अक्टूबर को सायं बाईक सवार ने उस समय टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था जब वह बाजार सामान लेने के लिए आई थी। उसे उपचार के लिए पहले जिला चिकित्सालय फिर सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय हल्द्वानी और फिर भोजीपुरा निजी चिकित्सालय भर्ती कराया गया था।परंतु लाभ न होने पर परिजन उसे एम्स ऋषिकेश ले जा रहे थे मार्ग में सुशीला ने दम तोड दिया। परिजन उसके शव को यहां जिला चिकित्सालय ले आए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भिजवाया।



# प्राधिकरण की शिथिल कार्यवाही से फिर बुलंद हुए माफियाओं के हौसले

**-मनोज श्रीवास्तव-**

काशीपुर। शहर में दर्जनों स्थानों पर अवैध कालोनियां एक बार फिर से भरमार होती जा रही हैं। भू माफिया लेआउट अप्रूव कराए बगैर टुकड़ों में जमीन बेच रहे हैं। ऐसी कॉलोनियों में सड़क पानी बिजली आदि मूलभूत सुविधाओं का टोटा है। वैसे नियम के मुताबिक उपजाऊ भूमि को गैर उपजाऊ यानी 143 कराने तथा प्राधिकरण से नक्शा पास कराने के बाद ही भूमि के रजिस्ट्री का प्रावधान है लेकिन उप निबंधक कार्यालय में धांधलेबाजी के कारण फर्जी रजिस्ट्रियों की भरमार है। बता दें कि कुछ समय पूर्व तक यहां काशीपुर में जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण द्वारा की जा रही ताबड़तोड़ कार्यवाही के कारण भूमाफियाओं में डर पैदा हो गया था। प्राधिकरण द्वारा नियम विपरीत तरीके से निर्माण एवं अवैध कॉलोनियों के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्यवाही नोटिस आदि जारी किए गए। पिछले कुछ समय से प्राधिकरण की कार्यवाही शिथिल होने के कारण भू माफियाओं के हौसले एक बार फिर से बुलंद हो चुके हैं। नए ढेला पुल के छोर पर माफियाओं का आज भी कब्जा है। इसी तरह जसपुर रोड, हरिया वाला रोड पर बाबर खेड़ा मोड़ के समीप, अलीगंज रोड पर प्राधिकरण के दायरे में दर्जनों स्थानों पर अवैध निर्माण एवं अवैध कालोनियां काटी जा रही। इसी तरह बाजपुर रोड एवं रामनगर रोड पर भी भू माफियाओं का आतंक है। ग्राम सरवरखेड़ा व बांसखेड़ा में फोरलेन के आसपास व गिन्नी खेड़ा में सरकारी स्कूल के सामने रेलवे लाइन के आसपास तथा पीछे खुलेआम अवैध तरीके से कालोनियां काटी जा रही है। भू माफियाओं में से अधिकांश ऐसे भी हैं जो विभागीय अधिकारियों से सांठ गांठ करके उपजाऊ भूमि के कुछ भाग को गैर उपजाऊ में परिवर्तित कराकर बाकी के हिस्से को दस्तावेजों के सहारे फरोख्त कर लोगों को बेवकूफ बनाने का काम कर रहे हैं। ऐसे ही जिला पंचायत के दायरे में भी अलीगंज रोड, डाकिया गुलाबो रोड समेत दर्जनों स्थानों पर अवैध कालोनिया काटी गई है।


लेआउट अप्रूव कराए बगैर टुकड़ों में बेची जा रही है कालोनियां

# नदियों में प्रदूषण करने वालों पर सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

## सुनियोजित विकास के लिए गंगा एक्शन प्लान बनाएं विभाग: डीएम

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति (नमामि गंगे) की बैठक हुई। जिला सभागार में आयोजित गंगा समिति की बैठक में लीगेसी वेस्ट के साथ ही नगर निकायों में सूखे एवं गीले कूड़े के उचित निस्तारण और प्रबंधन को लेकर चर्चा हुई।जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों को शहर को साफ और स्वच्छ बनाएं रखने,नगर निकायों में डोर टू डोर कूड़े कलेक्शन को बढ़ावा देते हुए इस दिशा में तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि घरों से निकलने वाले कूड़े का पृथक्करण करते हुए उचित निस्तारण करने के साथ ही आम जनमानस को भी सूखे और गीले कूड़े के प्रति जागरूक करने,जिले में प्रमुख सहायक नदियों एवं उसमें गिरने वाले नालों में बृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाने की निर्देश ईओ को दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए की गंगा की सहायक नदियों में कतई भी कचरा एवं गंदगी ना जाए इसका विशेष ध्यान रखा जाए। लिगेसी वेस्ट के निस्तारण को लेकर नगर



पालिका द्वारा किए गए प्रयासों की जानकारी देते हुए बताया गया कि 93 लाख की डीपीआर शासन को भेजी गई है। जिसके अन्तर्गत पुराने कूड़े की छंटाई कर निस्तारण किया जाएगा। जिलाधिकारी ने धनराशि की स्वीकृति के लिए शासन से पत्राचार करने के निर्देश ईओ को दिए। डीएम ने कूड़ा निस्तारण के लिए ट्रेंचिंग ग्राउंड निर्माण के लिए जल्द टेंडर आमंत्रित करने के निर्देश ईओ को दिए। सहायक नदियों के पास प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। कृषि विभाग द्वारा प्राकृतिक खेती के लिए 35 गांव का चयन होने की जानकारी दी गई। आजीविका के अवसर को बढ़ावा देने और पर्यटन व सांस्कृतिक विकास को भी बढ़ावा देने पर चर्चा की गई।बैठक में डीएफओ ध्रुव सिंह मर्तोलिया, सीडीओ आरसी तिवारी,एडीएम एनएस नबियाल, ईई पेयजल सीएस देवड़ी, सिंचाई केके जोशी,जिला पर्यटन अधिकारी पीके गौतम,ईओ नगरपालिका मोहम्मद यामीन शेख सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सैन्य सम्मान के साथ सूबेदार जगदीश सिंह की हुई अंत्येष्टि

बागेश्वर(उद संवाददाता)। कांडा के सखौला निवासी व 4 कुमाउं में तैनात सूबेदार जगदीश नगरकोटी की गत दिवस बीमारी से दिल्ली के आरआर अस्पताल में निधन हो गया था। जिसके बादसैन्य अधिकारी सूबेदार जगदीश नगरकोटी के पार्थिव शरीर को सेना की टुकड़ी द्वारा सैन्य सम्मान के साथ शनिवार को उनके गाँव लाया गया,जहाँ रविवार को सरयू गोमती संगम तट पर सैन्य सम्मान के साथ अंत्येष्टि की गई। इस दौरान रानीखेत से आई केआरसी की सैन्य टुकड़ी ने उन्हें अंतिम सलामी दी। सखौला निवासी सूबेदार जगदीश सिंह का उनके पार्थिव शरीर को लेकर नायक कुंदन सिंह



व सिपाही बलवंत नैनवाल उनके घर पहुंचे जहां परिजनों ने उनके अंतिम दर्शन किए। इसके बादभारत माता की जयकारे के साथ उनकी अंतिम यात्रा बागेश्वर सरयू तट पर पहुंची जहां उनका सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान रानीखेत से आई सेना की टुकड़ी ने कै धनंजय जसौदिया के नेतृत्व में टीम ने शस्त्र उल्टे करके अंतिम सलामी दी। इस दौरान सरकार की ओर से दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट, प्रशासन की ओर से तहसीलदार दलीप सिंह,सहित सैनिक कल्याण अधिकारी और सहायक सैनिक कल्याण अधिकारी आदि ने पुष्प चक्र अर्पित किए।

# करवा चौथ पर सुहागिनों ने की सामूहिक पूजा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पति की दीर्घायु के लिए समर्पित करवा चौथ पर्व गत दिवस यहां सुहागिन महिलाओं द्वारा हर्षोल्लास एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मनाया गया। प्रात: करीब चार बजे से उन्होंने पूजा अर्चना के साथ निर्जला व्रत प्रारंभ किया। तत्पश्चात अनेक सुहागिन महिलाओं ने रामपुर रोड गली नंबर तीन में समाजसेवी राजकुमार आनंद के आवास पर एकत्रित होकर मोबाईल से करवा माता की कथा का श्रवण कर विधिवत पूजा अर्चना की। रात्रि में चंद्रोदय होने पर छलनी में पति



के दर्शन कर ईश्वर से उनकी दीर्घायु होने की कामना की और पति के हाथों से जल ग्रहण कर अपना व्रत तोड़ा। जिसके बाद महिलाओं ने परिवार के वरिष्ठ जनों से आर्शीवाद लिया। इस दौरान अनीता आनन्द, विभा आनन्द, राखी आनन्द, आरती आनन्द, प्रियंका आनन्द, मेघना आनन्द, राशि आनन्द, महक आनन्द आदि मौजूद थीं।

# जनता दरबार में विधायक बेहड़ ने सुनी समस्याएं

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ के जनता दरबार में सैकड़ों फरियादियों ने अपने समस्याएं बताई। विधायक ने समस्याओं को सुनते हुए उनके निराकरण का आश्वासन दिया। जनता दरबार में पेंशन, स्थाई, जल पानी निकासी, सड़क निर्माण, पीचिंग ठोकर के अलावा गौरी कला में श्मशान घाट कब्रिस्तान से संबंधित भूमि को लेकर मुद्दा छाया रहा। ग्राम गोरी कला के तमाम ग्रामीणों ने सरकार द्वारा आबादी क्षेत्र से लगता शमशान कब्रिस्तान की भूमि को खाली करने के प्रकरण को लेकर फरियाद लगाते हुए मांग की कि उक्त कब्रिस्तान शमशान घाट आबादी के निकट होने के कारण आम नागरिकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीणों ने विधायक तिलक राज बेहड़ से उक्त प्रकरण में हस्तक्षेप करते हुए कब्रिस्तान शमशान घाट को आबादी क्षेत्र से दूर स्थानांतरित करने की मांग की। बेहड़ ने प्रकरण में शासन प्रशासन से वार्ता



करके उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा नजीबाबाद के बलवंत सिंह ने ग्राम में पीचिंग बनाने ठोकर बनाने की मांग रखी। इस अवसर पर अध्यक्ष दर्शन कुमार कोहली वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेश प्रताप सिंह के अलावा छोटू कोली, ओमप्रकाश दुआ, चंचल कुमार, अनिल कुमार, लाल जी वर्मा, राजेश ,आनंद राम, गोपाल, उदयवीर, महेश प्रसाद, सोमपाल, गिरिजा शंकर, सुनीता देवी, उर्मिला देवी, पार्वती देवी, प्यारी देवी व सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## पेज एक का शेष...

**जनाक्रोश रैली में सरकार..**है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट है, बेटियां अपने घरों पर भी सुरक्षित नहीं हैं। महिला अपराधों में आये दिन भाजपा के नेताओं की संलिप्तता सामने आ रही है। आज देवभूमि में कोई भी सुरक्षित नहीं है, भाजपा के लोग देवभूमि को कलंकित करने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि निकाय चुनाव कराने की सरकार की मंशा नहीं है। भाजपा को डर सता रहा है कि वह चुनाव हार जायेंगे। कांग्रेसियों ने राज्य के विभिन्न विभागों में व्याप्त घोर भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के साथ ही राज्य के निवासियों को जल, जंगल, जमीन पर हक दिए जाने की मांग पुरजोर मांग की। कहा कृषि सुधार और नए उद्योग परियोजनाओं की पहाड़ में स्थापना न होने के कारण लोगों को शहरों की और जाना पड़ रहा है। आपदा से प्रभावित मोटर मार्गों एवं सिंचाई नहरों का पुर्ननिर्माण हो। वक्ताओं ने कहा भाजपा सरकार की वर्ष 2022 में किसानों की आय दोगुना करने की घोषणा कोरी साबित हुई है। आज किसान महंगे बीज, दवा, लागत के कारण खेती करना छोड़ रहे है। राज्य के किसानों को एमएसपी शीघ्र दी जाए। जनसभा के बाद कांग्रेसियों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए कमिश्नरी घेराव के लिए कूच किया। इस दौरान कांग्रेसियों की पुलिस के साथ नोंक झोंक भी हुयी। रैली में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, विधायक सुमित हृदयेश, विधायक भुवन कापड़ी, पूर्व विधायक संजीव आर्य, पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत, पूर्व मंत्री हरीश दुर्गापाल, पूर्व सांसद महेन्द्र पाल, हेमंत बगड़वाल, राजेन्द्र दुर्गापाल, प्रदीप टम्टा, गणेश उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

**लालकुंआ से मुंबई के लिए..**साथ ही पूर्ण हो जायेगा। टनकपुर–बागेश्वर रेल लाइन पर भी सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है, जल्द ही इसमें भी कार्य शुरू हो जायेगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड से काशी, अयोध्या और अन्य प्रमुख शहरों के लिए रेल सेवा के और विस्तार के लिए प्रयास किये जायेंगे। आज हमारी डबल इंजन की सरकार प्रदेश के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अनेक योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। प्रदेश की देवतुल्य जनता के सहयोग से उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार हर क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही है। सांसद अजय भट्ट ने कहा कि यहां के लोगों की यह बहुत पुरानी मांग थी कि लालकुआं से मुंबई के लिए सीधे रेल सेवा सुचारू हो। जो आज पूर्ण हुई है। इस रेल सेवा के संचालन से पूरे कुमाऊं क्षेत्र के लोगों के साथ ही यहां के विभिन्न धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के दर्शनार्थियों व पर्यटकों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सप्ताह में तीन रेल गाड़ियां रामनगर, हल्द्वानी और अब लालकुआं से मुम्बई के लिए जा रही हैं, जिसका लाभ यहां के पर्यटन क्षेत्रों को भी मिलेगा। लालकुआं–बांद्रा टर्मिनल के मध्य नई ट्रेन सं० 22544 सोमवार को लालकुआं से सुबह 07:45 बजे प्रस्थान कर रुद्रपुर सिटी, रामपुर, मुरादाबाद, गाजियाबाद, हजरत निजामुद्दीन, मथुरा, कोटा, वडोदरा, सूरत होते हुए हुए अगले दिन मंगलवार को प्रात: 08 बजकर 30 मिनट पर बांद्रा टर्मिनल पहुंचेगी। वापसी में बांद्रा टर्मिनल से सुबह 11:00 बजे, मंगलवार को प्रस्थान कर लालकुआं अगले दिन बुधवार 13 बजकर 15 मिनट पर पहुंचेगी। इस ट्रेन में यात्रियों की सुविधा के लिए सेकेंड एसी का 01 कोच, थर्ड एसी के 02 कोच, एसी इकोनॉमी श्रेणी के 03 कोच तथा स्लीपर श्रेणी के 06 कोच, सामान्य श्रेणी के 04 कोच हैं। इस ट्रेन में सभी कोच एलएचबी के लगाये गये हैं। स अवसर पर विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक श्री नवीन दुमका, जिलाध्यक्ष श्री प्रदीप बिष्ट, श्री दीप कोश्यारी और डी.आर.एम श्रीमती रेखा यादव उपस्थित थे।

**मारपीट का बदला ..**गठित पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया गवाहों के बयानों के आधार पर जो जानकारी सामने आयी उसके आधार पर मृतक चरन सिंह के पुत्र सूरज के दोस्त धर्मेन्द्र पुत्र छोटे निवासी सहदौरा थाना सितारगंज को गिरफ्तार किया गया। उससे पूछताछ के आधार पर पता चला कि घटना वाले दिन मृतक का पुत्र सूरज कुमार तथा उसका दोस्त धर्मेन्द्र पुत्र छोटे निवासी सहदौरा थाना सितारगंज दोनों पालेज पर आये मृतक के पुत्र सूरज कुमार ने खाना बनाया तथा पिता के साथ में बैठकर खाना खाया और शराब पी उसके बाद तीनों लोग सोने के लिए मचान पर चढ़ गये। मृतक के बेटे के पास दोस्त धर्मेन्द्र का मोबाईल फोन था जो कि काफी महंगा था जिसकी कीमत लगभग 25000 रुपये थी। धर्मेन्द्र अपना मोबाईल फोन मृतक के बेटे सूरज से मागने लगा तो मोबाईल फोन को लेकर सूरज और धर्मेन्द्र के बीच हाथापाई हो गयी जिस पर चरण सिंह ने अपने बेटे सूरज के साथ मिलकर धर्मेन्द्र को डॉटा और उसकी पिटाई भी की। उसके बाद धर्मेन्द्र वहाँ से बच कर भाग गया और पालेज की झाड़ियों के बीच में छिप गया। जब कुछ देर बाद सूरज अपनी मोटरसाईकिल साईकिल से घर चला गया तो धर्मेन्द्र ने बदला लेने की नियत से चरण सिंह पर सब्बल से सिर तथा चेहरे में लगातार वार कर मौत के घाट उतार दिया और मृतक के शव को झोपड़ी के पास से खीचकर पालेज के अन्दर छुपा दिया। जिससे ये लगे की मृतक को किसी जगली जानवर ने मार दिया हो। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी वहां से पैदल पैदल अपने घर सहदौरा चला गया तथा अपने कपड़े तथा सब्बल को घर के पीछे झाडियों में छुपा दिया था। हत्यारेपी की निशानदेही पर खून से सने कपड़े, मोबाइल और घटना में प्रयुक्त सब्बल बरामद कर लिया है। पता चला है कि आरोपी पूर्व में भी थाना सितारगंज से हत्या के अभियोग में जेल जा चुका है। अभियुक्त की पत्नी वर्तमान में अपने मायके सितारगंज में रह रही है। उसकी पत्नी ने पूछताछ करने पर उसने बताया कि धर्मेन्द्र बहुत ही गुस्सेल किस्म का है। शराब पीकर वह अपना आपा खो देता है और मारपीट पर उतारू हो जाता है उसके साथ भी कई बार गम्भीर रुप से मारपीट कर चुका है जिस कारण वह अपने मायके में रह रही है।

**हरिथयार बेचने...**लाल सिंह निवासी गैस गोदाम रोड, कुसुमखेड़ा बताया। तुम द्वारा तलाशी लेने पर अनिल के पास से 12 बोर का एक देसी तमंचा और दो जिंदा कारतूस तथा सर्वेश के पास से 12 बोर की एक देसी बंदूक व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। कड़ी पूछताछ में उन्होंने पुलिस को बताया कि वह अवैध हथियार बेचने का काम करते हैं। जनपद उधमसिंह नगर एवं उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों से अवैध हथियारों को लाकर नैनीताल जनपद में बेचते हैं। उक्त मामले में कुछ अभियुक्तों का राजनैतिक पार्टी से भी कनैक्शन जुड़ा होना संज्ञान में आया है। पुलिस मामले की जॉच कर रही है। पुलिस ने बरामद हथियार कब्जे में लेकर कार को सीज कर दिया। साथ ही दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में उनि मनोज अधिकारी प्रभारी चौकी लामाचौड़, उनि संजीत राठौड़ प्रभारी एसओजी, हेका. उमेश जोशी, ललित श्रीवास्तव, का. चन्दन सिंह नेगी, संतोष बिष्ट व रि.का. किशन सिंह राणा शामिल थे।

**गंगा नदी में ..**के लिए चला था। 38 वर्षीय चालक अजय निवासी नजीबाबाद उत्तर प्रदेश के साथ उसकी पत्नी राजेश्वरी भी थी। राजेश्वरी अगस्तमुनि रुद्रप्रयाग में दुकान चलाती है। रविवार रात वह भी पति के साथ चली थी। पति–पत्नी की गंगा में रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है।

## सूचना सम्बंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र मो. शारीक गलत संगत में पड़ गया है और नशे का आदी हो गया है,वह आये दिन घर में झगड़ा फसाद करता है, उसके कृत्यों से मेरी सामाजिक प्रतिष्ठा खराब हो रही है, जिस कारण मैंने मो0 शारीक से सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं। अब मो. शारीक का मुझसे और मेरे परिवार के अन्य सदस्यों से कोई सम्बंध नहीं है वह अपने अच्छे बुरे कार्य, लेन देन आदि के लिए स्वयं जिम्मेवार होगा।

**ताहिर अहमद पुत्र रशिद अहमद निवासी ग्राम तिरकुनिया सूक्तियॉ पीलीभीत उत्तर प्रदेश, हाल निवासी वार्ड नं. 8, किच्छा रोड,सितारगंज, उधमसिंहनगर, उत्तराखण्ड**

# डॉ. विश्वमित्र प्रधान निर्वाचित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आर्य उप प्रतिनिधि सभा की कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। इसमें डॉ. विश्वमित्र आचार्य को प्रधान, उप प्रधान महिला डा. श्रीमती प्रतिभा शास्त्री, वरिष्ठ उप प्रधान प्रभाष चंद्र अग्रवाल, राम चंद्र सिंह, टेक चन्द्र आर्य, मंत्री नरपत सिंह आर्य, उप मंत्री महिला श्रीमती वीरा देवी आर्य, उप मंत्री महेंद्र पाल आर्य, डा. अशोक आर्य, सुरेश चंद्र आर्य गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनोज भटनागर को कोषाध्यक्ष, उप कोषाध्यक्ष विनोद कुशवाहा, आय व्यय लेखा निरीक्षक सत्यदेव सिंह आर्य, अधिष्ठात्री धर्मसभा डा. श्रीमती प्रतिभा शास्त्री, अधिष्ठाता विदार्य सभा विनीत कुमार पाठक, अधिष्ठाता राजार्य सभा शीशपाल राणा, अधिष्ठाता न्यायर्य सभा एड. सुशील आर्य, अधिष्ठाता आर्य वीर दल समीर पाण्डेय, अधिष्ठाता वेद प्रचार मंडल डा. राम सहाय वर्मा, उप अधिष्ठाता वेद प्रचार मंडल अनोखे लाल, उप अधिष्ठाता धर्माय सभा देवेंद्र नाथ मंडल निर्वाचित किए गए।

# 180 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने 180 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद किया है, इस दौरान पुलिस को देखकर दो मांस कारोबारी फरार हो गए। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग प्रतिबंधित पशुओं का वध कर उनके मांस को सप्लाई करने का काम कर रहे हैं। सूचना पर उप निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने कांस्टेबल नरेंद्र सिंह आदि के साथ बताए गए स्थान पर छापा मारा तो दो लोग प्रतिबंधित पशु का मांस काटते हुए देखे गए जो कि पुलिस की आहट सुनकर अंधेरे का लाभ उठाते हुए फरार हो गए पुलिस द्वारा मौके पर छापा मार कर मांस काटने वाले औजारों सहित मांस से भरे कट्टे बरामद किए। जिनका पशु चिकित्सक द्वारा परीक्षण कर निस्तारण कर दिया गया। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ पशु बाद अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# गोरी कला में शमशान घाट की भूमि की हो रही जांच: एसडीएम

किच्छा। गौरी कला के ग्रामीणों द्वारा श्मशान घाट कब्रिस्तान की भूमि के प्रकरण को लेकर की जा रही मांग के संबंध में एसडीएम कौस्तुभ मिश्र ने कहा है कि प्रकरण उनके संज्ञान में है तथा उक्त प्रकरण में ग्राम के व्यक्ति द्वारा भूमि चिन्हित करने की मांग की गई थी जिस पर चिन्हीकरण करते हुए माल कागजात में दर्ज भूमि को श्मशान घाट का विस्तार करने हेतु स्थान को मुक्त करने के लिए कहा गया है। कहा कि गौरी कला में कुछ भूखंड माल कागजात में श्मशान घाट कब्रिस्तान दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि गौरी कला की संपूर्ण भूमि की जांच की जा रही है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)




# जनाक्रोश रैली के लिए कांग्रेसी हुए नैनीताल रवाना

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।नैनीताल में जन आक्रोश रैली में शामिल होने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता नैनीताल रवाना हुए। इससे पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हिमांशु गावा और उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा,महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सी पी शर्मा,के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता नैनीताल रवाना हुए,जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे स इस अवसर पर पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश बाबरा, प्रदेश प्रवक्ता सौरभ चिलाना,पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप चीमा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि साजिद खान, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष मोनिका ढाली,महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामप्रसाद, कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, पी सी सी परिमल राय,पार्षद प्रीति साना, पार्षद अशफाक अहमद अंसारी, बाबू खान,निसार अहमद, मनीष बाबरा,के पी गंगवार,अरशद खान,कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव रामाधारी गंगवार, सुमित राय,पूर्व मेयर प्रत्याशी सुनील आर्य,उमा सरकार,बेबी सिकदर,इरशाद अहमद, परवेज कुरेशी,अमन जौहरी, उमर अली सलमानी,दिनेश मौर्य, अकील मियां, सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# पिथौरागढ़ में बोतल मार कर बुजुर्ग का हत्या

पिथौरागढ़। पिथौरागढ़ के मर्सोली गांव में रविवार को एक 60 वर्षीय बुजुर्ग की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने दो युवाओं को हिरासत में लिया है। पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपना जुर्म भी कबूल लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी और बुजुर्ग ने पहले एक साथ बैठ कर शराब पी और फिर मामूली कहासुनी के बाद बुजुर्ग के सिर पर बोतल मार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। हालांकि अभी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। जिला मुख्यालय से दस किमी दूर बुंगा गांव में 60 वर्षीय राजेन्द्र उर्फ हरीश चन्द्र पटियाल अपने परिवार के साथ रहते थे। रविवार सुबह घर से करीब 200 मीटर दूर मर्सोली स्थित एक दुकान की छत पर उनका नग्न अवस्था खून से लथपथ शव मिला। सूचना पर प्रभारी कोतवाल मदन सिंह



बिष्ट के नेतृत्व में मौके पर पहुंची टीम ने छानबीन की। अल्मोड़ा से भी फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पहुंचकर सबूत एकत्र किए। प्रभारी कोतवाल बिष्ट ने बताया कि मामले में दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया गया है। फिलहाल दोनों से पूछताछ की जा रही है। बिष्ट ने बताया कि पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि उक्त तीनों लोग बीती रात साथ में शराब पी रहे थे। तब किसी बात पर उनके बीच कहासुनी हुई और शराब की खाली बोतल से दोनों ने बुजुर्ग के सिर और चेहरे पर वार किया। इस दौरान बुजुर्ग बेहोश होकर गिर गया तो वे वहां से फरार हो गए। मृतक के सिर ओर चेहरे पर चोट के गहरे निशान मिले हैं। एसपी पिथौरागढ़ रेखा यादव के अनुसार प्रथम दृष्टया व्यक्ति की हत्या होना सामने आया है। मामले में दो संदिग्ध को हिरासत में लिया है। पूछताछ में उन्होंने अपना जुर्म भी कबूला है। दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई चल रही है।




